रोहतक
बुधवार 21 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 353
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 25.0
न्यून. 5.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 वनडे की हार का बदला लेने उतरेगा भारत, सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर फोकस




## खबर संक्षेप

### सभी राज्यों की एसआईआर प्रोसेस अलग : ईसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया में जिनके नाम कटे हैं, अभी तक किसी की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। एसआईआर की सुनवाई के दौरान आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे किसी एक मामले के तथ्यों को उठाकर उन्हें किसी दूसरे राज्य की एसआईआर प्रक्रिया पर लागू करना गलत होगा, क्योंकि हर जगह प्रक्रिया अलग रही है। आयोग ने जबरदस्ती या अत्यधिक जांच के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर पुलिस शामिल नहीं थी। केवल बीएलओ ने ही घर घर जाकर प्रक्रिया पूरी की है। *एजेंसी*

### मथुरा में 70 करोड़ की चांदी ले उड़े व्यापारी

**मथुरा।** मथुरा सर्राफा बाजार में अभी तक 2300 किलो चांदी जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70 करोड़ रुपये है, गायब होने की जानकारी मिली है। उधर, पुलिस भी गायब व्यापारियों की तलाश में जुट गई है। चांदी की कीमत में बेतहाशा बढ़ोतरी से जूझ रहे कारोबार को चांदी लेकर गायब होने वाले व्यापारियों ने बड़ा झटका लगाया है। बाजार में भरोसे का संकट पैदा होने के कारण लेनदेन बहुत सीमित रह गया है। गायब कारोबारियों के मोबाइल सर्विलांस पर लगाए गए हैं।



### 72 घंटे से अधिक रद्दीकरण पर मिलेगा 75% रिफंड

**नई दिल्ली।** 16 जनवरी से रेलवे ने नया नियम बनाया है। अब वंदे भारत में प्रस्थान समय से 72 घंटे से अधिक समय पहले कैंसिल किया जाता है तो 25 प्रतिशत राशि काटी जाएगी। 72 घंटे से लेकर 8 घंटे तक के अन्दर कैंसिल किया जाता है तो कैंसिलेशन चार्ज के तौर पर 50 फीसदी राशि काटेगी। 8 घंटे से कम समय में कैंसिल किया है तो रिफंड नहीं होगा।



# अब नितिन नबीन मेरे 'बॉस' : मोदी

## मैं भाजपा का कार्यकर्ता, अब वे मेरा आकलन करेंगे | भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर नबीन को दी बधाई | नबीन बोले-हम राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में के सिद्धांत पर कर रहे काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। वे 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। अध्यक्ष पद के लिए इकलौता नामांकन आने पर वे निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाई, फिर 55 मिनट के भाषण में कहा, 'मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।' बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, 'राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।'

■ नए नेताओं के लिए भाजपा एक बड़ा मंच



मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई। हाथ पकड़कर कुर्सी पर बैठाया।

हमारे यहां पदभार एक व्यवस्था है और कार्यभार जीवनभर की जिम्मेदारी

अध्यक्ष बदले हैं, आदर्श नहीं नेतृत्व बदलता है दिशा नहीं

### हम घुसपैठियों को पकड़-पकड़ कर निकाल रहे

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश के सामने बहुत बड़ी चुनौती घुसपैठियों की है। दुनिया के समर्थ देश भी अपने देश में घुसपैठियों की जांच पड़ताल कर रहे हैं और उनको पकड़-पकड़ कर निकाल रहे हैं। दुनिया में कोई अपने देश में घुसपैठियों को स्वीकार नहीं करता, भारत भी घुसपैठियों को अपने गरीबों, युवाओं के हक लूटने नहीं दे सकता। घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, उनकी पहचान करके उन्हें वापस उनके देश भेजना बहुत जरूरी है।

### राजनीति भोग नहीं, त्याग : नबीन

नबीन ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 की समाप्ति हुई, तो कश्मीर की फिजा बदली। हम 'राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में, और खुद सबसे आखिर में' के आदर्श पर काम करते हैं। हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है। राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। हमें अपने हिस्से का त्याग करना होगा। वहीं, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि नबीन की लीडरशिप में पार्टी नए राज्यों में अपनी पहुंच बढ़ाएगी। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु जैसे उन क्षेत्रों में भी कमल खिलेगा जहां भाजपा को सफलता नहीं मिली है।

### एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा

नबीन ने कहा कि हमने कार्यकर्ता के तौर पर पीएम मोदी के देशसेवा के काम करते हुए देखा। आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है, वहीं बड़ा शख्स बनता है। आपने कहा था कि हम जो विकास का काम करते हैं। लोग हमसे उम्मीद करते हैं। हमसे जुड़ते हैं।'भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है, एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वह समय देखा, जब अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। जम्मू-कश्मीर की जनता ने धारा 370 से मुक्ति का दौर देखा। जब हम श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा लहराते हुए देखते हैं, तो गर्व की अनुभूति होती है।

## परीक्षाओं को लेकर सरकार ने दी छूट

# मंगलसूत्र पहन सकेंगी महिलाएं सिख छात्रों को कृपाण की इजाजत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने सिख और विवाहित महिलाओं को परीक्षाओं में छूट दी है। अब सिख छात्र कृपाण पहनकर और विवाहित महिलाएं मंगलसूत्र पहनकर परीक्षा दे सकती हैं। सरकार ने इस बारे में एक आदेश भी जारी किया है। यह आदेश स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी और प्रतियोगी परीक्षाओं में लागू होंगे। हालांकि, सरकार ने कुछ शर्तें भी रखी हैं। सिख छात्रों को सिर्फ तय लंबाई की कृपाण ले जाने की इजाजत होगी। वहीं, विवाहित महिलाओं को मंगलसूत्र पहनकर परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचना होगा। सिख उम्मीदवार सिर्फ 9 इंच (22.86 सेमी) लंबाई और 6 इंच (15.24 सेमी) ब्लेड वाली कृपाण ही रख सकेंगे। इन्हें एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। विवाहित महिलाएं मंगलसूत्र पहन सकती हैं, लेकिन उन्हें 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

■ सरकार ने कुछ शर्तें भी रखीं

### 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 16 फरवरी से

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं का बहुप्रतीक्षित तिथि-पत्र जारी कर दिया है। छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh. org.in पर जाकर विस्तृत समय-सारणी डाउनलोड कर सकते हैं। कक्षा 9वीं की वार्षिक परीक्षाएं 17 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक और 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 16 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक ही सत्र में आयोजित होंगी। परीक्षाओं का समय प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया है।

## फतेहाबाद : कस्सी मारकर हत्या में खुलासा

# पिता-भाई ने 1.20 लाख सुपारी देकर कराई हत्या

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** युवक की कस्सी मारकर की गई हत्या में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के पिता और बड़े भाई को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतक प्रेमिका से शादी के बाद अपने हिस्से की जमीन लेकर अलग रहना चाहता था। इस बात से भाई और पिता नाराज थे। इन्होंने गांव के ही दो लोगों को उसकी हत्या के लिए एक लाख 20 हजार रुपये की सुपारी दी। इसके बाद 18 जनवरी को महमदकी गांव में कस्सी मारकर युवक की हत्या कर दी। मृतक जगविंद्र सिंह (28) का 16 दिन पहले ही रिश्ता हुआ था और 5 महीने बाद ही उसकी शादी होनी थी। परिवार के पास कुल 23 एकड़ जमीन है। जगविंद्र 2 भाइयों में छोटा था। इस तरह उसके हिस्से साढ़े 11 एकड़ जमीन आनी थी।

■ प्रेमिका से शादी कर अलग रहना चाहता था

### सेंसेक्स 1066 अंक गिरकर 82180 पर बंद, निवेशकों के 12 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स मंगलवार को 1065 अंक (1.28%) गिरकर 82,180 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 353 अंक (1.38%) की गिरावट रही। ये 25,233 के स्तर पर आ गया। इस कारण दो ही दिनों में निवेशकों को 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, क्योंकि बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 468 लाख करोड़ से घटकर 456 लाख करोड़ हो गया। **सोना पहली बार 1.5 लाख रुपये के पार, चांदी 20,400 रुपये उछली** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना मजबूत मांग आने से 5,100 रुपये की बढ़त के साथ 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया। वहीं, चांदी 20,400 रुपये यानी लगभग सात प्रतिशत बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

## आवारा कुत्तों के मामले में शीर्ष कोर्ट में सुनवाई

# कुत्ते के काटने से मौत होने पर डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।' कोर्ट ने कहा- पिछली सुनवाई की टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा आवारा कुत्तों के मुद्दे पर आदेशों की आलोचना करने वाली टिप्पणियों पर कहा कि उन्होंने अदालत की अवमानना की है।



हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल
**मेनका गांधी की टिप्पणी से सुप्रीम कोर्ट नाराज़**
कहा-कोर्ट की 'अवमानना' हुई

## विडंबना | विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 25 टीकों को किया सूचीबद्ध

# देश के 13 करोड़ बुजुर्ग असुरक्षित स्थिति में, वैक्सीन न लगवा पाने से बढ़ा जोखिम

*इनफ्लुएंजा, न्यूमोकोकल, हर्पीज जोस्टर, हेपेटाइटिस बी और कोविड-19 हैं उच्च जोखिम वाले टीकाकरण*

**नई दिल्ली।** भारत में 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 13 करोड़ लोग उनके लिए विशेष रूप से तैयार की गई वैक्सीन के बावजूद लगभग असुरक्षित स्थिति में हैं। वर्तमान में इस आयु वर्ग में वैक्सीन कवरेज 5% से भी कम है, जो यूनीवर्सल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम (यूआईपी) के तहत बच्चों में 75-90% टीकाकरण दर के मुकाबले बेहद कम है। 1980 के दशक के मध्य में शुरू यूआईपी ने बचपन में लगे टीकों की बदौलत दुनिया भर में 15 करोड़ से अधिक मौतों को रोका है। हालांकि जहां बच्चे अच्छी तरह संरक्षित हैं, वहीं वयस्कों विशेषकर बुजुर्गों के लिए टीकाकरण लगभग न के बराबर है।

### सुरक्षा का दायरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 25 टीकों को किया सूचीबद्ध किया है। बुजुर्गों के लिए मुख्य टीके इन्फ्लुएंजा, न्यूमोकोकल, हर्पीज जोस्टर, डिप्थीरिया-टेटनस-पर्टुसिस, हेपेटाइटिस-बी और कोविड-19 हैं। रोचक बात यह है कि भारत में इनमें से अधिकांश अब भी बहुत कम उपयोग किए जा रहे हैं। बढती उम्र और स्वास्थ्यउम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती जाती है। इसे इम्यूनोसिनेसेंस कहा जाता है। टीकों की प्रतिक्रिया कमजोर हो जाती है और संक्रमण लंबे समय तक रहते हैं। अधिकांश बुजुर्ग मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर और पुरानी श्वसन बीमारियों जैसी दीर्घकालिक बीमारियों के साथ रहते हैं। संक्रमण इन स्थितियों को अस्थिर कर सकते हैं और स्वास्थ्य में गिरावट की श्रृंखला शुरू कर सकते हैं।

**टीकों की लागत :** विशेषकर महंगे टीके एक बड़ी बाधा है। वार्षिक फ्लू टीके और 5 या 10 साल में बूस्टर के लिए याद दिलाने की जरूरत होती है। सेवानिवृत्त और स्वयं भुगतान करने वाले बुजुर्गों के लिए किफायती होना ही सबसे प्रमुख होता है।

**प्रणालीगत कमी :** राष्ट्रीय स्तर पर वयस्क टीकाकरण नीति नहीं है। कमजोर निगरानी और डेटा, चिकित्सकों के प्रशिक्षण की कमी और जागरूकता अभियानों के अभाव से समस्या और बढ़ जाती है।

**क्या करें :** अंतर को पाटने के लिए सरकार, चिकित्सक, समुदाय और बुजुर्गों को मिलकर काम करना होगा। मतदान कार्यक्रमों की तरह घरों और सामुदायिक केंद्रों तक टीके पहुंचाए जा सकते हैं। निवारक खर्च आमतौर पर उपचार लागत का 10% से भी कम होता है, इसलिए यह किफायती है। वयस्क टीकाकरण अपनाने की दर केवल 1.5% है।



## खबर संक्षेप

### नए आयकर कानून के प्रावधानों को लेकर मुहिम

**चंडीगढ़।** आयकर विभाग अधिकारियों और कर्मियों द्वारा नए आयकर अधिनियम, 2025 को लेकर विभिन्न स्थानों पर जन जागरण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में चंडीगढ़, अंबाला, पंचकूला कईं अहम स्थानों पर जागरूकता मुहिम चल रही है। गैर-लाभकारी संगठनों से संबंधित आयकर प्रावधानों पर एक जागरूकता कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रमुख धर्मार्थ संस्थानों/ट्रस्टों के न्यासियों के साथ-साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट और कर सलाहकारों ने हिस्सा लिया।

### विधानमंडलों की जनता के प्रति सर्वोच्च जवाबदेही

चंडीगढ़। 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में मंगलवार को हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने "जनता के प्रति विधानमंडलों की जवाबदेही" विषय पर संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि विधानमंडल जनता की भावनाओं, आशाओं और आकांक्षाओं को उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से सदन में अभिव्यक्त करने वाली सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विधानमंडलों का मूल दायित्व जनता के हित में कार्य करना और उनके प्रति उत्तरदायी बने रहना है।

### रविदास जयंती पर कल्याण की कई घोषणाएं संभव

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार और दलित संगठनों के पदाधिकारी 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी में मनाई जाने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती की तैयारियों में पूरे जी-जान से जुटे हुए हैं। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस जयंती समारोह में शामिल होकर जहां दलित कल्याण की योजनाओं की जानकारी देंगे, वहीं दलितों के उत्थान की नई योजनाओं की घोषणा भी कर सकते हैं।

### तंज़ानिया से व्यापार और कृषि सहयोग की कवायद

**चंडीगढ़।** तंज़ानिया और हरियाणा के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा विदेश सहयोग विभाग एवं नागरिक उड्डयन विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार की अध्यक्षता में अहम के दौरान कईं अहम विषयों पर विचार मंथन किया गया।

## अब हरियाणा भी चलेगा केंद्र की राह, युवाओं को पार्टी संगठन और प्रशासनिक कार्यों में करेंगे दक्ष

# राजनीति में एक लाख युवाओं को लाने का लक्ष्य: मुख्यमंत्री

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन भाजपा के विजय रथ को और अधिक तेज गति से आगे बढ़ाएंगे

*» भाजपा में साधारण व्यक्ति भी ऊंचे पद पर पहुंच सकता है*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन इस रथ को और अधिक तेज गति से आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में 1 लाख युवाओं को राजनीति में लाने का काम करेंगे। और युवाओं को पार्टी संगठन और प्रशासनिक कार्यों में दक्ष करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पास प्रशासनिक व संगठनात्मक दोनों अनुभव हैं। उन्होंने अलग-अलग पदों पर कार्य किया है। बबिहार सरकार में मंत्री बने। उनके इस प्रशासनिक अनुभव का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में साधारण परिवार का व्यक्ति भी ऊंचे पद पर पहुंच सकता है।



### गांधी परिवार से बाहर नहीं सोच सकती कांग्रेस

एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसा और कहा कि कांग्रेस तो गांधी परिवार से बाहर नहीं सोच सकती। कांग्रेस में आम व्यक्ति का कहीं भविष्य नहीं है। वहां तो छोटी-छोटी टोलियां हैं। उनका भविष्य अंधकारमय है। भाजपा संगठनात्मक पार्टी है, कोई भी कार्यकर्ता कहीं भी काम कर सकता है। उसके काम की गिनती होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई। पहले दिन नामांकन हुए, जिसमें सिर्फ नितिन नबीन का नामांकन पहुंचा। इसके उपरांत उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने की दिशा में ठोस रणनीति पर चर्चा

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार को दिल्ली स्थित हरियाणा में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई तथा कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश में चल रहे वीबी जीरामजी योजना अभियान, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सहित अनेकों अभियानों व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। वहीं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में पंचकूला, सोनीपत और अंबाला में होने वाले आगामी नगर निगम चुनाव तथा हरियाणा के आगामी बजट को लेकर भी गहन चर्चा हुई। साथ ही पिछले दिनों दिल्ली में हुई कोर ग्रुप की बैठक में लिए गए निर्णयों पर भी विचार विमर्श हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के बजट को जन-जन का बजट बनाने की बात कही। उन्होंने बजट पर आए लोगों के सुझाव तथा सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में भी बताया।

## » पूर्व सीएम हुड्डा ने सरकार पर बोला हमला

# भाजपा गैर-हरियाणवियों को दे रही नौकरियां

**चंडीगढ़ ।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि भाजपा बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। 2 लाख पक्की नौकरियां देने और कौशन निगम के कर्मियों को पक्का करने का वादा करके



सत्ता में आई भाजपा लगातार हरियाणा की नौकरियां, गैर-हरियाणवियों में बांट रही है। भाजपा एक साल में एक भी बड़ी भर्ती नहीं कर पाई। और जो छोटी-मोटी इक्का-दुक्का भर्ती की, उनमें भी हरियाणा से ज्यादा बाहर के लोग भर्ती किए गए। राज्य की सरकार ने ऐसी भर्ती प्रक्रिया और नियम बनाए हैं जिससे प्रदेश की नौकरियां मुख्य रूप से स्थानीय युवाओं को ही मिलें। जहां हिंदी के अलावा अलग राज्य भाषा है, वहां भाषा का पेपर अनिवार्य किया गया है, जैसे महाराष्ट्र में मराठी, तमिलनाडु में तमिल, पंजाब में पंजाबी। हरियाणा की भाषा हिंदी होने के कारण यहां भाषा के आधार पर अलग पेपर नहीं हो सकता।

### हरियाणा में जल्द दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें: विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारी सरकार जल्द ही ग्रीन एनर्जी के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों को लेने जा रही है और इस संबंध में आदेश दिए जा चुके है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बहुत बढ़िया चल रही है और हर वर्ग का ख्याल रखा जा रहा है तथा कानून व्यवस्था पर भी नियंत्रित किया जा रहा है। वहीं, श्री विज ने कहा भाजपा के नए युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को बनाकर प्रधानमंत्री मोदी ने एक प्रकार से बुलेट ट्रेन चला दी है क्योंकि लोग विकास की राजनीति को पसंद कर रहे है। विज आज पानीपत में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इलेक्ट्रिक बसों को बड़ी संख्या में संचालित करने की योजना है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश उर्फ मिंटू** पुत्र फूल चंद, निवासी- वीपीओ-जखौकी, थाना -राय, जिला-सोनीपत, हरियाणा ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 190/2025 धारा 140/103(1)/238(ए)/3(5)/61(2)/209 भारतीय न्याय संहिता, 2023 और 25/24/54 शस्त्र अधिनियम, थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश उर्फ मिंटू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राकेश उर्फ मिंटू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **राकेश उर्फ मिंटू, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 190/2025 धारा 140/103(1)/238(ए)/3(5)/61(2)/209 भारतीय न्याय संहिता, 2023 और 25/24/54 शस्त्र अधिनियम, थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री विकास मदान**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07 (पश्चिम)
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/866/WD/2026


## » नबीन ने बुलाई हरियाणा भाजपा की पहली समीक्षा बैठक

# संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और दक्षिण हरियाणा पर फोकस

*» बैठक में मुख्यमंत्री सैनी अध्यक्ष बड़ौली और संगठन मंत्री होंगे शामिल*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही नितिन नबीन ने हरियाणा भाजपा की पहली बैठक बुला ली है। नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा शामिल होंगे।

इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। हरियाणा के संगठनात्मक ढांचे को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ प्रदेश के नेता मंथन करेंगे। इसके अलावा दक्षिण हरियाणा में पार्टी नेताओं के बीच चल रहे सियासी घमासान का भी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष फीडबैक लेंगे। नई दिल्ली में हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हरियाणा के नेताओं की यह पहली बैठक होगी। इस बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हरियाणा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में बड़ौली ने बताया कि इस पर भी जल्द फैसला हो जाएगा।

### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी



दक्षिण हरियाणा में बीजेपी नेताओं के बीच चल रही जुबानी जंग पर प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी नेता की एक दूसरे को लेकर बयानबाजी सहन नहीं की जाएगी। फरीदाबाद लोक सभा सीट से सांसद व केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश में तीनों मंत्री और पार्षदों को जल्दी बुलाया जाएगा उनसे बातचीत की जाएगी। गुरुग्राम लोकसभा सीट से सांसद केंद्र मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर, पूर्व मंत्री अभय यादव को जल्दी बुलाया जाएगा। सभी नेताओं को बुलाकर बातचीत की जाएगी।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा

हरियाणा भाजपा अध्यक्ष को लेकर फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय नेतृत्व को लेना है, वह अपने हिसाब से ही इस पर फैसला लेंगे। दरअसल, हरियाणा में पार्टी अध्यक्ष पर फैसला होना है। अभी मोहन लाल बड़ौली कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में ये जिम्मेदारी देख रहे हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष मुकद्मा किया गया है कि अभियुक्त **रसमीना पत्नीः हन्ना पताः ग्राम पोस्ट अगोन, थाना फिरोजपुर, झिरका, जिला नूह, हरियाणा** ने case **FIR No. 74/2022 U/s 420 IPC, थानाः साइबर द्वारका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रसमीना** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रसमीना** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 74/2022 U/s 420 IPC, थानाः साइबर द्वारका, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रसमीना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री ऋषभ कपूर**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05**
**दक्षिण पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 09**
**द्वारका कोर्ट, दिल्ली**
DP/838/DW/2026 (Court Matter)



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनीता पत्नी विजय (2) विजय पुत्र हुकुमचंद दोनों निवासी वीपीओ बालौर, बहादुरगढ़, हरियाणा और (3) विकास पुत्र देवेंद्र निवासी गली नंबर 18, मयूर विहार, सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 908/2024 U/S109(1)/115(2)/117(2)/190/191(3)/324(4)/329(4)333/331(8)/351(3)/61(2) BNS अन्तर्गत थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि **उपर्युक्त सभी अभियुक्त** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **उपर्युक्त सभी अभियुक्त** फरार हो गए है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 908/2024 U/S 109(1)/115(2)/117(2)/190/191(3)/324(4)/329(4)333/331(8)/351(3)/61(2) BNS** के उक्त अभियुक्त **(1) सुनीता, (2) विजय और (3) विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.03.2026.** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री भारती बेनीवाल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, (उत्तर)**
**न्यायालय रूम नंबर 114, पहली मंजिल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**
DP/699/ON/2026(Court Matter)



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 35 दिनांक 15.01.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत।



गुमशुदा की पहचान
नाम - नन्दनी।
पिता का नाम - कुलदीप।
पता - वासी गली न0.3 नव चेतना स्कूल प्याऊ मनीयारी कुण्डली सोनीपत हरियाणा।
उम्र 18 वर्ष।
कद - 5 फुट 2 ईन्च।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, गोल नाक, सामान्य शरीर है।
पहनावाः- पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में काले रंग जूती पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 27.12.2025 को नन्दनी पुत्री कुलदीप वासी गली नं. 3 नव चेतना स्कूल प्याऊ मनीयारी कुण्डली सोनीपत जो अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी है जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना कुण्ड़ली में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना कुण्डली -7419410537
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-8053047698
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4370/2026/42235/88/6 दि. 20.01.26


## महिलाओं के हक में हाईकोर्ट के दो अहम फैसले

### गृहिणी के अमूल्य योगदान को बड़ी मान्यता, मुआवजा दोगुना कर 1.18 करोड़ रुपये तय

**चंडीगढ़।** एक गृहिणी की अदृश्य लेकिन बहुआयामी भूमिका को न्यायिक स्तर पर ठोस मान्यता देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने मोटर दुर्घटना से प्रभावित एक परिवार को मिलने वाले मुआवजे को दोगुना कर 1.18 करोड़ रुपये कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य, बढ़ती महंगाई और निरंतर मुद्रास्फीति को देखते हुए किसी गृहिणी की काल्पनिक आय का यथार्थपरक आकलन किया जाना आवश्यक है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुदीप्ती शर्मा ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के उस आदेश में हस्तक्षेप किया, जिसमें पीड़ित परिवार को अपेक्षाकृत कम मुआवजा दिया गया था। अदालत ने कहा कि यदि एक गृहिणी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं को खुले बाजार से प्राप्त किया जाए, तो इसके लिए पर्याप्त पारिश्रमिक देना पड़ेगा। यह तथ्य अपने-आप में इस बात को रेखांकित करता है कि परिवार की स्थिरता और सुचारु संचालन में गृहिणी की भूमिका कितनी केंद्रीय और अपरिहार्य होती है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि एक गृहिणी का कार्य केवल देखभाल तक सीमित नहीं होता। इसमें पूरे परिवार के लिए भोजन तैयार करना, किराने और घरेलू आवश्यकताओं की खरीद, मरम्मत कार्यों का समन्वय और आवश्यकता पड़ने पर घर आधारित स्वास्थ्य देखभाल तक शामिल है।

- महंगाई और मुद्रास्फीति को आधार बनाकर काल्पनिक आय 15 हजार रुपये प्रतिमाह मानी गई

### किशोरी को उसकी सास की हत्या के मामले में बालिग मानकर मुकदमा चलाने से किया इनकार

**चंडीगढ़।** नाबालिग हत्या के आरोपी की कम उम्र और जल्दी शादी को उजागर करते हुए , पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्नी द्वारा अपनी मां की हत्या के मामले में बेटे की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया। वह व्यक्ति इस मामले में अपनी नाबालिग आरोपी पत्नी को बालिग घोषित कराने की कोशिश कर रहा था। जस्टिस संजय वशिष्ठ किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) और ट्रायल अदालत के उस आदेश के खिलाफ बेटे की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें उसकी मां की हत्या के मामले में आरोपी और उसकी पत्नी को किशोर माना गया था। अदालत ने टिप्पणी की कि इसमें कोई संदेह नहीं है, क्योंकि इतनी कम उम्र में बच्चे की संज्ञानात्मक और भावनात्मक क्षमताएं अभी भी विकासशील अवस्था में होती हैं और इस उम्र का कोई भी बच्चा स्वतंत्र रूप से उचित और सही निर्णय लेने की स्थिति में नहीं होगा। यह भी रिकॉर्ड में आया है कि इस मामले में प्रारंभिक मूल्यांकन घटना के लगभग चार साल बाद तक विलंबित हुआ है और उस समय तक आरोपी बालिग हो चुकी थी। किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अनुसार, किशोर की इस तरह का अपराध करने की मानसिक और शारीरिक क्षमता तथा अपराध के परिणामों और उन परिस्थितियों को समझने की क्षमता के बारे में प्रारंभिक मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है।

- आरोपी की मानसिक क्षमता कथित अपराध के घटित होने के समय की उसकी मानसिक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं कर सकती


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1446

मनकि सन्दीप पुत्र उदल पुत्र दलीप सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 4232 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 83मिन/53, खाता न0 84 मिन, मु0 न0 42, किला न0 15/1/2(2–1), 26(0–7), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 8 मरले (0.3 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 2 कनाल 8 मरले (0.3 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 20.01.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी सोनीपत**

**नियुक्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड सोनीपत में 1 ड्राईवर व 1 वाटर करीयर की अस्थाई आधार पर नियुक्ति की जानी है। इच्छुक उम्मीदवार साधारण आवेदन पत्र के माध्यम से उक्त पदों हेतु आवेदन खण्ड कार्यालय सोनीपत मे प्रातः 9.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक हाजिर होकर जमा करवा सकते हैं। उक्त पदों के लिए साक्षात्कार दिनांक 30.01.2026 को प्रातः 10.00 बजे खण्ड कार्यालय में लिया जाएगा। जिसके लिए शर्ते निम्न प्रकार से है :-

| | ड्राईवर के लिए | वाटर करियर के लिए |
|---|---|---|
| आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि | 21.01.2026 | 21.01.2026 |
| आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 29.01.2026 | 29.01.2026 |
| योग्यता | 10th Pass+ LMV Driving License | 10th Pass |
| साक्षात्कार की तिथि | 30.01.2026 | 30.01.2026 |
| आवेदन पत्र एंव साक्षात्कार जमा करवाने हेतु स्थान | खण्ड कार्यालय सोनीपत | खण्ड कार्यालय सोनीपत। |

हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी
सोनीपत


## राहुल गांधी आज कुरुक्षेत्र में, हरियाणा और उत्तराखंड के जिलाध्यक्षों के साथ करेंगे संवाद

*» 13 से 22 तक शिविर में हरियाणा से 33 और उत्तराखंड 27 जिलों के अध्यक्ष ले रहे हैं हिस्सा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

संगठन सर्जन के अंतर्गत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पंजाबी धर्मशाला में हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के नौवे दिन बुधवार 21 जनवरी को लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी जिलाध्यक्षों के साथ संवाद करेंगे। राहुल गांधी नेताओं के परिवारों से सीधे संवाद कर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे। इसे कांग्रेस नेतृत्व की एक संवेदनशील पहल के रूप में देखा जा रहा है। 13 से 22 तक चलने वाले इस शिविर में हरियाणा से 33 और उत्तराखंड 27 जिला अध्यक्ष हिस्सा ले रहे हैं। थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने पंजाबी धर्मशाला में कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया।



**कुरुक्षेत्र।** पंजाबी धर्मशाला में तैयारियों का जायजा लेते विधायक अरोड़ा।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | गांव खैरा, कुरुक्षेत्र में राजीव गांधी खेल स्टेडियम के कार्य हेतु विशेष मरम्मत आकलन। | 17.01.2026 28.01.2026 | 152.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में सीएचसी लाडवा की विशेष मरम्मत। | 17.01.2026 27.01.2026 | 41.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | समालखा पानीपत में राजकीय आईटीआई चुलकाना का निर्माण (ईएलवी सर्विसेज और विद्युत उपकरणों का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 17.01.2026 26.01.2026 | 320.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | डीजीसीए/बीसीएएस/एमओसीए इत्यादि द्वारा अपेक्षित अनुसार सभी सम्बद्ध मैनुअल्स की तैयारी, जमा करवाना, अनुमोदन, संशोधन और रखरखाव। | 20.01.2026 27.01.2026 | ईएमडी 40,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 5 | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा | हरियाणा पुलिस के लिए 180 अदद डेस्कटॉप कम्प्यूटर की खरीद। | 20.01.2026 04.02.2026 | 99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 supdt.provphq@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज राजौंद | अम्बेडकर भवन गांव तारागढ़ को पूरा करना। | 17.01.2026 24.01.2026 | 5.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 7 | वन विभाग सिरसा | नई बिल्डिंग के निर्माण और रखरखाव कार्यों हेतु सार्वजनिक सूचना। | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | 96.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/140/42241/I/88/6 दि. 20.01.26

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होंगी अंक सुधार की परीक्षाएं

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव मुनीश शर्मा, ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) विशेष अंक सुधार की परीक्षाएं 21 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी, 2026 तक संचालित करवाई जाएंगी। इस परीक्षा हेतु प्रदेशभर में कुल 6 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा का समय 2:00 बजे से 5:00 बजे तक रहेगा। लगभग 2600 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे। हिन्दी विषय की परीक्षा में 6 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 1,519 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे।

### बैंक में सेंध लगा माइक्रो एटीएम मशीन ले गए

**यमुनानगर।** गांव जठलाना स्थित केंद्रीय सहकारी बैंक की दीवार में सेंध लगाकर चोर अंदर घुस गए और माइक्रो एटीएम मशीन चोरी कर ली। चोरी के समय चोर बैंक के कैश रूम में लगे कैमरे तोड़कर फरार हो गए। ब्रांच मैनेजर रामकुमार की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वारदात 17 जनवरी की रात की है। सुबह जब कर्मचारी बैंक में पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चला और मामले की सूचना पुलिस को दी।

### मशीन ठीक करते हुए कर्मचारी की मौत

**यमुनानगर।** प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करते समय मशीन की चपेट



में आने से कर्मी की मौत हो गई। बिहार निवासी सुनील ने बताया कि उसका रिश्तेदार गया निवासी 35 वर्षीय अमित अपने चार बच्चों के साथ नवाब कॉलोनी में रहता था। वह जोड़ियां गुरुद्वारे के पास स्थित प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार शाम को फैक्ट्री में अमित ने तीन-चार अन्य साथियों के साथ मशीन ठीक कर रहा था। इस दौरान अमित के गले का गमछा मशीन में फंस गया, जिससे उसकी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

## कुरुक्षेत्र में मिली सिर कटी लाश मामले में 20 दिन बाद 2 गिरफ्तार

# पत्नी को पीटा तो प्रेमी ने सिर काट सन्निहित सरोवर में फेंका, नकली टांग से हुआ खुलासा

- कुरुक्षेत्र के पार्क में काटा था सिर, धड़ वहीं छोड़ दिया था
- पानीपत का ही एक और आरोपी गिरफ्त से दूर

### जयपुर से मंगवाई 184 दिव्यांगों की सूची खंगाली



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक सुनील कुमार की दाहिनी टांग नकली थी। छानबीन में नकली टांग पर जयपुर की संस्था का निशान मिला। वहां संपर्क करने पर समिति से हरियाणा के नकली दाहिनी टांग लगवाने वाले 184 लोंगों की सूची प्राप्त की। सूची के आधार पर सभी विकलांग व्यक्तियों से सम्पर्क किया गया। मृतक सुनील का मोबाइल नंबर न मिलने पर पुलिस टीम ने उसके घर जाकर पता किया। जिसपर मृतक सुनील के पिता ने उसे पहचान लिया। सुनील के पिता ने बताया कि उन्होंने इस सम्बन्ध में थाना बापौली जिला पानीपत में 4 जनवरी 2026 को सुनील की गुमशुदगी के बारे में मामला दर्ज करवाया हुआ है। उसके तीन साल की बेटी और एक डेढ़ साल का बेटा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पार्क में मिली सिर कटी लाश व सरोवर में मिले सिर के मामले में कई दिनों की मेहनत के बाद पुलिस ने चौकाने वाला खुलासा किया है। मृतक की पत्नी के प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू से गर्दन काटकर युवक की हत्या की थी और उसका सिर सन्निहित सरोवर में फेंक दिया था ताकि उसकी पहचान न हो सके। पुलिस ने दो आरोपियों मोहित वासी खोजकीपुर व मंजीत सिंह उर्फ काकू वासी हड़ताड़ी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। हालांकि अभी मृतक की पत्नी की भूमिका सामने नहीं आई है।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि 30 दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि केशव पार्क में सिर कटी लाश पड़ी है। सूचना पर पुलिस टीम और अधिकारी मौके पर पहुंचे और सीन आफ क्राइम टीम, एफएसएल के द्वारा जांच की गई। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच के लिए अपराध अन्वेषण शाखा-1,अपराध अन्वेषण शाखा-2, अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा तथा थाना कृष्णा गेट की टीमों का गठन किया था। 13 जनवरी को एक कटा हुआ सिर सन्निहित सरोवर से बरामद हुआ और कुछ कड़ियां जुड़ने लगी। मृतक की पहचान जिला पानीपत के गांव खोजकीपुर के सुनील कुमार के रूप में हुई। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के निर्देशन में उप निरीक्षक प्रेम चंद, पीएसआई प्रमोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, राम कुमार, मुख्य सिपाही गुरमेज व विनोद कुमार तथा थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह की टीम ने गहन जांच के बाद इस जघन्य हत्याकांड का सफलतापूर्वक खुलासा किया।

### रेल से आए थे आरोपी, केशव पार्क में की हत्या

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 29 दिसम्बर की रात को मृतक सुनील कुमार आरोपी मोहित, मंजीत तथा अंकुश उर्फ अंकित के साथ रेल में कुरुक्षेत्र आया था। कुरुक्षेत्र में इन सबने एक होटल में खाना खाया तथा योजना के अनुसार केशव पार्क में चाकू से सुनील की हत्या कर दी। हत्या के बाद सुनील का सिर धड़ से अलग करके मोहित की चादर में लपेट कर सन्निहित सरोवर में फेक दिया था।

### नशे के लिए बार-बार पैसे मांगता था सुनील

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी मोहित मृतक सुनील की मोटरसाइकिल प्रयोग करता था। मृतक शराब पीने का आदी था तथा शराब के लिए मोहित से पैसे मांगता था नहीं तो मोटरसाइकिल वापस लेने की बात कहता था, जिसको लेकर आरोपी मृतक से खफा था। वहीं, मृतक सुनील शराब के नशे में पत्नी से मारपीट भी करता था। पत्नी का प्रेमी मोहित इस रंजिश के चलते आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मृतक को मारने का प्लान बनाया था। आरोपी ने चाकू भी पानीपत से ही खरीदा था।

### गुरुग्राम : दोस्तों ने ही पीट-पीटकर मार डाला

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर में आपसी कहासुनी में एक युवक की उसके



दोस्तों ने ही पीट-पीटकर हत्या कर दी। तीन दिन पहले इनका झगड़ा हुआ था, उसके बाद से ही गांव खंडेवला निवासी विनीत आईसीयू में भर्ती था। उसकी मंगलवार अलसुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे अब गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है क्योंकि आरोपी भी इसी गांव से है। गांव खंडेवला निवासी सुनील ने पुलिस में अपने बेटे की मौत पर केस दर्ज करवाया है। मारपीट 17 जनवरी को की गई थी। परिजनों का आरोप है कि मारपीट में कपिल, सागर पुत्र सुनील, सागर पुत्र धर्मवीर और जोगिंदर शामिल थे। फर्रुखनगर थाना एसएचओ संतोष का कहना है कि आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें लगी हुई हैं।

## झज्जर में 5 साल की बच्ची से हुई थी दरिंदगी

# हाईकोर्ट ने ट्रायल को दूषित बता बच्ची के दुष्कर्मी व हत्यारे की फांसी की सजा रद्द की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़



हाईकोर्ट ने मामले में प्रक्रियात्मक खामियां पाते हुए इसे दोबारा ट्रायल के लिए भेजने का निर्णय लिया

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने झज्जर में 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के सनसनीखेज मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दोषी विनोद उर्फ मुन्ना को सुनाई गई मौत (फांसी) की सजा को रद्द कर दिया है। जस्टिस अनूप चितकारा और जस्टिस सुखविंदर कौर की खंडपीठ ने मामले में प्रक्रियात्मक खामियां पाते हुए इसे दोबारा ट्रायल के लिए भेजने का निर्णय लिया है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि झज्जर की कोर्ट में ट्रायल के समय आरोपी के साथ न्याय नहीं हुआ।

### फोरेंसिक साक्ष्यों पर पक्ष रखने का मौका नहीं मिला

सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि डीएनए रिपोर्ट और अन्य महत्वपूर्ण फोरेंसिक साक्ष्य आरोपी के सामने स्पष्ट रूप से नहीं रखे गए थे। आरोपी को इन साक्ष्यों पर अपना पक्ष रखने या स्पष्टीकरण देने का अवसर नहीं मिला, जिसे हाई कोर्ट ने 'ट्रायल का दूषित होना' करार दिया। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि ट्रायल कोर्ट ने आरोपी के समक्ष सभी आपराधिक परिस्थितियां नहीं रखी थीं, जो कानूनी प्रक्रिया के तहत अनिवार्य है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाना जितना जरूरी है, उतना ही आरोपी के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना भी आवश्यक है। दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने का एकमात्र विकल्प यही है कि मामले को वापस ट्रायल कोर्ट भेजा जाए।

### 11 महीने में आया था ट्रायल कोर्ट का फैसला

वारदात 21 दिसंबर 2020 को झज्जर के छावनी एरिया में हुई थी। यहां एक राजमिस्त्री अपने परिवार के साथ रहता था। उनके पास ही 26 साल का विनोद कुमार उर्फ मुन्ना भी रहता था। आरोप था कि उसने बच्ची का अपहरण किया और रेप के बाद हत्या कर दी। यह केस झज्जर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमराज की फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने सभी सबूतों को देखते हुए सोमवार 29 नवंबर, 2021 को वारदात के 11 महीने बाद विनोद उर्फ मुन्ना को दोषी ठहराते हुए सजा सुना दी। बच्ची के साथ रेप और उसकी हत्या के मामले में कोर्ट ने विनोद को फांसी की सजा सुनाई। इसके अलावा प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस (पॉक्सो ) एक्ट 2012 की धारा 6 के तहत भी उसे उम्रकैद की सजा सुनाते हुए 1 लाख 85 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गई।

### रोडवेज बस और ट्रैक्टर में भिड़ंत चालक समेत आधा दर्जन घायल

**जींद।** गांव बडनपुर के निकट मंगलवार सुबह रोडवेज





बस तथा ट्रैक्टर के बीच हुई भिड़ंत में बस चालक समेत आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे के पीछे तीव्र मोड़ बताया जा रहा है। रोडवेज बस का चालक कुलदीप ने बताया कि मंगलवार को सुबह गांव बुडायन केवीएस के छात्रों को छोड़कर बस नरवाना जा रही थी। गांव बडनपुर के निकट बस की टक्कर सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से हो गई। जिसमें बस चालक कुलदीप तथा आधा दर्जन यात्रियों को चोटें आई। बस में तीन चार छात्राओं को भी हल्की चोटें आई हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## नारियल निकालने नहर में उतरे छोटे भाई को बचाते हुए बड़ा भी डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

पाबड़ा से किरमारा माइनर में नहला के समीप सोमवार देर शाम प्रवासी मजदूर के दो मासूम बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। पिता मितलेश, निवासी खिधरचेक गांव, जिला नालंदा (बिहार) ने बताया कि सोमवार शाम करीब पांच बजे उसका 10 वर्षीय बेटा लव और 8 वर्षीय बेटा लवकुश खेलते-खेलते किरमारा माइनर की पटरी तक पहुंच गए। इसी दौरान माइनर में बहता हुआ एक नारियल दिखाई दिया। नारियल निकालने की कोशिश में लवकुश का पैर फिसल गया और वह पानी में डूबने लगा। छोटे भाई को बचाने के लिए बड़ा भाई लव जोर-जोर से चिल्लाता हुआ माइनर में कूद पड़ा। तेज बहाव के कारण दोनों बच्चे कुछ ही पलों में पानी में समा गए। ग्रामीणों और मजदूरों ने कड़ी मशक्कत के बाद कुछ दूरी पर दोनों बच्चों को माइनर से बाहर निकाला, मगर उनकी मौत हो चुकी थी।

### 8 संतानों में 5वें व छठे नंबर के थे

मितलेश और वनिता देवी करीब तीन महीने पहले नहला स्थित ब्रिक्स कंपनी के ईंट भट्ठे पर आए थे। दंपती के आठ संतान हैं, जिनमें तीन बेटियां और पांच बेटे थे। मृतक लव 5वें और लवकुश छठे नंबर के बच्चे थे।

### 30 हजार रिश्वत लेते महिला क्लर्क गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एनओसी जारी करने के नाम पर रिश्वत मांगने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने प्रदूषण नियंत्रण विभाग में तैनात महिला क्लर्क दिव्या को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जिला करनाल के गांव घरौंदा निवासी रिंकू यमुनानगर शहर के रेलवे रोड पर प्रभु अस्पताल का निर्माण कर रहे हैं। आरोप है कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग से एनओसी की फाइल आगे बढ़ाने के लिए क्लर्क दिव्या ने 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायत पर एसीबी ने जाल बिछाकर क्लर्क को गिरफ्तार कर लिया।

## मकान मालिक को मारकर भाग गया था चोर, अब 10 वर्ष कैद की सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा की अदालत ने चोरी तथा गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दोषी को दस साल का कारावास तथा पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर 5 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। गांव रोझाला निवासी तनुज ने 21 मार्च 2024 को पुलिस को बताया था कि रात को गांव का संदीप चोरी की नियत से घर में घुस गया। उसके पिता बबली चोर से उलझ गए। संदीप ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उन्होंने चोर को पकड़ लिया, लेकिन वह ईंट मारकर भाग गया। इलाज के दौरान घायल बबली की मौत हो गई।




**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road**:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 **• KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830**.

# सहायक कमांडेंट सिमरन करेंगी पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व

## गणतंत्र दिवस पर इतिहास रचेंगी राजौरी की बेटी

26 जनवरी को सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा नाम

यह परिवार के लिए ही नहीं जम्मू- कश्मीर के लिए भी गर्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26 जनवरी को जब कर्तव्य पथ पर देश की ताकत, अनुशासन और एकता की झलक दिखाई देगी, तब इतिहास के पन्नों में सीआरपीएफ की सहायक कमांडेंट सिमरन बाला का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। सिमरन बाला वह पहली महिला अधिकार हैं, जो सीआईरपीएफ की पूरी पुरुष मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। बाला को 140 से अधिक पुरुष जवानों की टुकड़ी की कमान सौंपी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले की रहने वाली 26 वर्षीय बाला इस साल गणतंत्र दिवस पर एक नया इतिहास लिखेंगी। सिमरन पहली ऐसी महिला अधिकारी होंगी जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। वे अपने जिले की पहली महिला हैं जो अधिकारी रैंक में देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल का हिस्सा बनी हैं। यह कामयाबी उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए गर्व का विषय है।

### दुनिया देखेगी नारी शक्ति की ताकत और नेतृत्व



सिमरन सिर्फ एक अधिकारी नहीं, एक विचार हैं जो बताता है कि भारत बदल रहा है। गणतंत्र दिवस पर जब वह कदमताल करेंगी, तब हर बेटी के भीतर यह विश्वास और मजबूत होगा कि सुरक्षा बलों का नेतृत्व और कमान एक महिला कितने दमदार तरीके से निभा सकती हैं।

### पुरुष टुकड़ी को लीड करने वाली पहली महिला

आमतौर पर गणतंत्र दिवस की परेड में महिला अधिकारी महिला टुकड़ियों का ही नेतृत्व करती रही हैं लेकिन यह पहली बार है जब कोई महिला ऑफिसर पुरुषों के दस्ते को लीड करेगी। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा आंतरिक सुरक्षा बल है जिसमें करीब सवा तीन लाख जवान शामिल हैं।

## सीजेआई का जिला न्यायपालिका की अहमियत पर जोर

# युवा हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट से पहले यहीं से सीखें 'न्याय' : चीफ जस्टिस सूर्यकांत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने दिल्ली बार काउंसिल में आयोजित एक सम्मान समारोह को संबोधित किया। इसमें सीजेआई स ने जिला न्यायपालिका की अहमियत पर जोर देते हुए युवा और भावी एडवोकेट्स को बड़ी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में जाने से पहले युवा एडवोकेट्स को जिला न्यायपालिका में ही अपने वकालत की शुरुआत करनी चाहिए। असली न्याय जमीनी स्तर की अदालतों में ही निहित है, क्योंकि किसी मुवक्किल का पहला सामना तब होता है जब वह अपने अधिकारों को लागू करवाने के लिए जिला अदालतों में जाता है। उन्होंने कहा कि जिला अदालतें अपीलीय मंचों के बराबर, बल्कि उनसे कहीं अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, क्योंकि यहीं पर कानून वास्तविक और तात्कालिक रूप लेता है और मानवीय नजरिए को अपनाता है।

### याद की अपनी जूनियरशिप



अपने कानूनी पेशे के शुरुआती वर्षों को याद करते हुए सीजेआई ने कहा कि वे एक प्रमुख वरिष्ठ सिविल वकील के कार्यालय में शामिल होने के लिए भाग्यशाली थे, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने याचिकाएं, वाद पत्र, हलफनामे आदि तैयार करने की कला सीखी। इसमें जिरह और मुख्य गवाहों की जांच की तैयारी भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में मिली सफलता जिला न्यायालय में उनके अनुभव के कारण है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि एक वर्ष की जूनियरशिप के बाद मैंने स्वतंत्र रूप से वकालत करने का निर्णय लिया, लेकिन जिला न्यायालयों में विकसित कौशल के कारण कई वरिष्ठ वकीलों ने उनसे अपनी याचिकाएं तैयार करने का अनुरोध किया।

## खबर संक्षेप

### असम में भड़की हिंसा एक की मौत

**कोकराझार।** असम के कोकराझार जिले में हिंसा के बाद आदिवासियों के बीच कथित तौर पर झड़पें हुईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। त्वरित कार्रवाई बल तैनात किया गया है और इंटरनेट मोबाइल डेटा सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। वेशी चोरी के संदेह में सोमवार को भीड़ ने पांच लोग पर हमला किया था।



### बसताड़ा टोल प्लाजा पर बिना रुके कटेगा टैक्स

**चंडीगढ़।** नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए बड़ी खबर है। अब हरियाणा के करनाल जिले में स्थित बसताड़ा टोल प्लाजा पर अब टोल टैक्स भरने के लिए वाहनों को रुकना नहीं पड़ेगा। यहां पर ऑटोमैटिक टोल कट जाएगा। बसताड़ा टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्री फ्लो सिस्टम लगभग तैयार है।

## तमिलनाडु में विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले ही नाराजगी बढ़ी

# राष्ट्रगान के 'अपमान' का आरोप लगाकर राज्यपाल का अभिभाषण देने से इनकार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवी ने मंगलवार को विधानसभा का साल का पहला सत्र शुरू होने से पहले परंपरागत उद्घाटन भाषण नहीं दिया और गुस्से में कक्ष छोड़ दिया। इसका कारण राष्ट्रीय गान के प्रति सम्मान की कमी बताया। राज्यपाल ने कहा कि डीएमके सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में कुछ असत्य और गलत तथ्य थे। उनके माइक को बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। राज्यपाल ने कहा मैं बेहद निराश हूं। राष्ट्रीय गान का उचित सम्मान नहीं किया गया। मेरा भाषण बार-बार रोका गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। विधानसभा के अंदर स्थिति तनावपूर्ण हो गई और सभापति एम. अप्पावु ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे विधानसभा के नियमों और प्रथाओं का पालन करें। वहीं मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके मंत्रिपरिषद सदस्य इन हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे विधानसभा सत्र राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण बन गया है।

### डीएमके के भाषण के कुछ हिस्से को बताया गलत



सदन में राज्यपाल रवि

- राज्यपाल ने विधानसभा छोड़ने के कारण बताए
- राजभवन ने प्रेस रिलीज जारी कर राज्यपाल के कक्ष छोड़ने के कारण स्पष्ट किए।
- राज्यपाल का माइक बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई।
- भाषण में भ्रामक दावे और असत्यापित बातें शामिल थीं।
- दलितों के खिलाफ अत्याचार और दलित महिलाओं के साथ यौन हिंसा के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है

### *सीएम स्टालिन ने राज्यपाल पर लगाया शिष्टाचार के उल्लंघन का आरोप*

स्टालिन ने राज्यपाल पर आरोप लगाया कि उन्होंने परंपरा और शिष्टाचार का उल्लंघन करते हुए कक्ष छोड़ा। सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में राज्यपाल को अपनी राय जोड़ने या अलग कुछ कहने की कोई जगह नहीं थी। राज्यपाल ने यह कदम जानबूझकर उठाया और इसका मतलब विधानसभा की अवमानना है। राज्यपाल की आवश्यकता नहीं है।

### भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं होगा

मुख्यमंत्री ने सदन में एक प्रस्ताव पेश किया। इसमें कहा गया कि राज्यपाल का भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल सरकार द्वारा तैयार किया गया टेक्स्ट जिसे स्पीकर एम अप्पावु ने तमिल में पढ़ा था।

#### बोले स्टालिन

### हम नियम में बदलाव की करेंगे कोशिश

मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस पर कहा कि उनकी पार्टी संविधान में बदलाव लाने की कोशिश करेगी। वे चाहते हैं कि साल की शुरुआत में विधानसभा में राज्यपाल के भाषण को जरूरी बनाने वाला नियम हट जाए। इसके लिए वे संसद में दूसरी पार्टियों का समर्थन लेंगे। यह बयान तब आया जब रवि ने सरकार का लिखा भाषण पढ़ने से मना कर दिया और सदन से चले गए। राज्यपाल ने भाषण में गलतियां होने की बात कही थी। स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल का हर साल ऐसा करना ठीक नहीं है। रवि ने 2021 के बाद चौथी बार ऐसा किया है। जब राज्यपाल बार-बार परंपरा तोड़ते हैं, तो इस नियम की जरूरत ही क्या है? डीएमके संसद में दूसरी पार्टियों की मदद से इस नियम को हटाने की कोशिश करेगी।



## सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी मामला

# तीन राज्यों में ईडी की छापेमारी अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ पतनमतिट्टा

केरल में सबरीमाला मंदिर से जुड़े बहुचर्चित सोना चोरी मामले में जांच एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। ईडी मनी लॉटरी से जुड़े फंड ट्रांजेक्शन की जांच के तहत 21 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। ये छापे केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के अलगअलग ठिकानों पर मारे गए। केरल के विश्व-प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर से जुड़ा सोना चोरी विवाद पहली बार 2019 में सामने आया, लेकिन जांच में पता चला कि इसकी जड़ें 1998–99 तक जाती हैं। 2019 में मंदिर की मरम्मत और गोल्ड प्लेटिंग के नाम पर भगवान अयप्पा मंदिर की मूर्तियों और संरचनाओं पर चढ़ा सोना बाहर भेजा गया था। 42.8 किलो सोने की प्लेटेड मूर्तियां मरम्मत के लिए चेन्नई की एक निजी फर्म को दी गईं, लेकिन जब ये मूर्तियां लौटीं, तो उनका वजन केवल 38.2 किलो पाया गया।करीब 4.5 किलो सोना गायब था। इस मामले में अब तक 11 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।



### 'घिसावट' बताकर दी गई सफाई, कागजों में खेल कर दिया

जब वजन कम निकलने पर सवाल उठे, तो इसे सामान्य घिसावट बताकर नजरअंदाज कर मामले पर लीपापोती करने की कोशिश की गई। इससे भी गंभीर बात यह थी कि मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कागजों में सोने की प्लेटों को तांबे की प्लेट के रूप में दर्ज कर दिया। कोर्ट ने इसे गंभीर लापरवाही और संदिग्ध कार्रवाई माना। विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने पुरानी और नई तस्वीरों की तुलना की। इससे स्पष्ट हुआ कि मंदिर की मूर्तियों, दरवाजों, सीढ़ियों, नक्काशीदार हिस्सों से सोने की परतहटाई गई थी। हालांकि भगवान अयप्पा की मुख्य मूर्ति से सोना चोरी के सीधे सबूत नहीं मिले हैं।

## नोएडा में इंजीनियर की मौत मामले में बिल्डर अभय अरेस्ट, बर्खास्त

**नोएडा (एजेंसी)।** नोएडा के 150 सेक्टर में इंजीनियर की मौत मामले में पुलिस ने बड़ा कार्रवाई की है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने नामजद बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अभय कुमार नॉलेज पार्क इलाके में स्थित एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट एमजेड विश्टाउन का मालिक है। यह गिरफ्तारी इंजीनियर की मौत से जुड़े हालात की जांच के बाद हुई है, जिसमें बिल्डर कथित तौर पर शामिल था। इस दुखद घटना के बाद दो रियल एस्टेट डेवलपर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एसआईटी मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को एसआईटी की टीम घटना स्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने डेवलपर्स पर लापरवाही और दुर्घटना वाली जगह पर सुरक्षा उपायों की कमी का आरोप लगाया है। नोएडा अथॉरिटी ने एक जूनियर इंजीनियर को नौकरी से निकाल दिया है और इलाके में जिम्मेदार दूसरे अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।



बिल्डर अभय — मृतक इंजीनियर


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

### घोषणा

**विषय : माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा (विज्ञा. सं. 22/2024)**

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा (विज्ञा. सं. 22/2024) हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | विज्ञा. सं. | पद व विभाग का नाम | परीक्षा/पेपर का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 22/2024 | माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) | विषय ज्ञान परीक्षा | 01.02.2026 (प्रातःकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 27.01.2026 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 19.01.2026 — हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

### घोषणा

**विषय : वित्त विभाग, हरियाणा में ट्रेजरी ऑफिसर / असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर के पदों के लिए मुख्य परीक्षा (लिखित) (विज्ञा. सं. 23/2023)**

वित्त विभाग, हरियाणा में ट्रेजरी ऑफिसर/असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर के पदों के लिए मुख्य परीक्षा (लिखित) हेतु शॉर्ट लिस्टेड किए गए उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप मुख्य परीक्षा (लिखित) आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | विज्ञा. सं. | पद व विभाग का नाम | पेपर | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 23/2023 | वित्त विभाग, हरियाणा में ट्रेजरी ऑफिसर/ असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर | पेपर–II | 01.02.2026 (प्रातःकालीन सत्र) |
| | | | पेपर–III | 01.02.2026 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 27.01.2026 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 20.01.2026 — हस्ता/– उप सचिव
संवाद–1156/13/374/2026/42211/88/6 दि. 20.01.26 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला


### भाजपा के कर्नाटक, तेलंगाना निकाय चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक और तेलंगाना में निकाय चुनाव के लिए प्रभारियों तथा आगामी चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए पर्यवेक्षक की मंगलवार को नियुक्ति की। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नितिन नवीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालने के दिन ये नियुक्तियां की गईं। पार्टी द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नवीन ने 29 जनवरी को होने वाले चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। नवीन ने महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष शेलार को आगामी तेलंगाना नगर निकाय चुनाव के लिए तत्काल प्रभाव से पार्टी का प्रभारी नियुक्त किया।

### आप शंकराचार्य होने का प्रमाण दें, शिविर के बाहर नोटिस चस्पा

**प्रयागराज (एजेंसी)।** मेला प्राधिकरण ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी किया है। 24 घंटे में जवाब मांगा है कि साबित करें की आप ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य हैं। सुप्रीम कोर्ट के रोक के बाद बी आपने अपने नाम के आगे शंकराचार्य लगाया है, जो कि गलत है। मौनी अमावस्या पर स्नान को लेकर मेला प्रशासन और शंकराचार्य में काफी विवाद हो गया था। इसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद को बिना स्नान किए ही शिविर में लौटा दिया गया था। आरोप है पुलिस ने उनके शिष्यों को पीटा और बाल पकड़कर घसीटा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि वह भी मेला प्रशासन को नोटिस जारी करेंगे। नोटिस में कहा गया है कि किसी भी धर्माचार्य का ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेक नहीं हुआ है। इसके बावजूद शिविर के बोर्ड पर खुद को शंकराचार्य प्रदर्शित करना इस आदेश की अवहेलना है। अभी कोई पदाधिकारी नहीं है जो नोटिस रिसीव कर सके।




## चिंतन

# भाजपा में अब 'युवा युग' की शुरुआत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नेतृत्व परिवर्तन केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक सोच का संकेत है, जिसमें भविष्य की राजनीति को ध्यान में रखते हुए युवाओं को निर्णायक भूमिका सौंपी जा रही है। 45 वर्षीय नितिन नबीन का भाजपा अध्यक्ष बनना इसी रणनीतिक दिशा की पुष्टि करता है। यह कदम न केवल पार्टी के भीतर पीढ़ीगत संतुलन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भाजपा अब स्वयं को "नए भारत" की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाल रही है और भविष्य की राजनीति को वर्तमान में आकार देना चाहती है। यह फैसला भाजपा की उस दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें संगठन को उम्र, ऊर्जा और विचार तीनों स्तरों पर नई धार देने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंघ काल से ही भाजपा ने कार्यकर्ता आधारित संगठन का दावा किया है और यह नियुक्ति उसी परंपरा का विस्तार है। 46 वर्ष पुरानी पार्टी का अध्यक्ष यदि 45 वर्ष का हो, तो यह केवल संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का परिणाम है। इसे भाजपा में नए युग, या कहें 'युवा युग' यानी जेन जेड की औपचारिक शुरुआत माना जा सकता है। भाजपा का यह निर्णय कि संगठन में 70 फीसदी पद 60 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को और 30 फीसदी पद 60 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे, एक संतुलित और व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत करता है। यह मॉडल भारतीय राजनीति में एक नई कार्य संस्कृति को जन्म दे सकता है। आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में 55 वर्ष से कम आयु के 20 मंत्री यानी 33 फीसदी संख्या होना, भाजपा शासित राज्यों में 9 मुख्यमंत्री 55 साल की उम्र से कम होना यानी 64 फीसदी मुख्यमंत्रियों का युवा होना और प्रदेश अध्यक्षों में लगभग 14 का 55 साल की उम्र से कम होना यानी 38 फीसदी युवा नेतृत्व यह दर्शाता है कि यह बदलाव केवल शीर्ष स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन की जड़ों तक पहुंच चुका है। यह भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देता है, जहां नेतृत्व परिवर्तन अक्सर मजबूरी में होता है, न कि रणनीति के तहत। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर फोकस भी इसी युवा रणनीति का हिस्सा है। ये दोनों राज्य राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। यहां युवा नेतृत्व न केवल संगठन को मजबूती दे सकता है, बल्कि स्थानीय मुद्दों, युवाओं की आकांक्षाओं और क्षेत्रीय अस्मिता को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि "अब 45 साल के नबीन मेरे बॉस होंगे" केवल औपचारिक बधाई नहीं, बल्कि पार्टी कैडर के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि नेतृत्व की कसौटी उम्र नहीं, बल्कि क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन है। मंगलवार को नितिन नबीन का कार्यभार संभालना इसी विश्वास को संस्थागत रूप देता है। 1951 में जनसंघ की स्थापना, 1980 में भाजपा का गठन और अब 46 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने कई राजनीतिक दौर देखे हैं। आज का यह बदलाव उसी यात्रा का अगला पड़ाव है, जहां भाजपा खुद को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रही है। अंततः, भाजपा में यह 'युवा युग' केवल चेहरों का बदलाव नहीं है, बल्कि सोच, कार्यशैली और राजनीतिक संवाद में परिवर्तन का संकेत है। यदि युवा ऊर्जा को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ जोड़ा गया, तो यह बदलाव न केवल भाजपा, बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक नया मानक स्थापित कर सकता है।



## मिशन
गीता शुक्ला

# क्या बंगाल में भी परचम लहराएगी बीजेपी

**बीजेपी ने गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं।**

बिहार के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम ने लोगों को फिर चौकाया है। बीजेपी के प्रति इतना जबर्दस्त समर्थन अब विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर कर रहा है कि भगवा पार्टी कमाल कर रही है। उसका संगठन अब इतना मजबूत हो चुका है कि कोई अन्य पार्टी उसके आसपास भी खड़ी नहीं हो पा रही है। जाहिर है कि बीजेपी में जिस प्रोफेशनल एक्सेलेन्स की बात अखिलेश यादव ने की है, उसे पार्टी में लाने का श्रेय किसी को जाता है तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं, और अब उन्हीं गृह मंत्री के हाथों में बीजेपी ने बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी।

बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। दरअसल, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की, स्थानीय लोगों और बीजेपी कार्यकर्त्ताओं में इसी तरह का जज्बात साफ दिखाई दिया था। यह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चीरपरिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कीं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आरएसएस के पदाधिकारियों को भी जाग्रत कर दिया और लगे हाथ उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीजेपी के लिए दो-तिहाई बहुमत की भविष्यवाणी भी कर दी।

अमित शाह जिस भी विधान सभा चुनाव की जिम्मेदारी लेते हैं, वहां सबसे पहले संगठन को कसने से ही शुरुआत करते हैं। विधायकों, सांसदों के साथ साथ नगर निगम पार्षदों तक के साथ लगातार बंद कमरे में बात करते हैं और कहीं भी किसी गफलत की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं। अपने वैचारिक मूल संगठन के बीच का उनका समन्वय जबर्दस्त होता है। फिर अपने प्रतिस्पर्धियों की कमजोरियों और मुद्दों को चिन्हित कर उनके काउन्टर नैरेटिव तैयार करवाते हैं और उस पर कार्पेट बॉम्बिंग शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, चिट फंड घोटाला, नौकरी घोटाला, कोयला घोटाला और पशु तस्करी के मुद्दे चिन्हित कर लिए हैं और उसमें संलिप्त तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। राज्य के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण जेल जाने की घटनाएं लोगों के दिमाग में पहले से ही अंकित हैं। सबसे ऊपर बीजेपी जिस मुद्दे को लेकर चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त है, वह है बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा। ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिर चुकी हैं।

अमित शाह के इस आरोप का उनके पास जवाब नहीं है कि आखिर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने



बीएसएफ़ को ज़मीन देने से क्यों इनकार किया। बीजेपी ने यह रिकार्ड पेश किया है कि असम और त्रिपुरा से घुसपैठ की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में अब भी जारी हैं। इस कारण बंगाल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। खड़गपुर से कोलकाता और बर्धमान से सिलीगुड़ी तक का पूरा इलाका डेमोग्राफिक रूप से बदल गया है। स्थानीय लोग ही बताते हैं कि ये सारे इलाके अब बांग्लादेशी निवासियों से भर गए हैं।

ये पश्चिम बंगाल के मूल निवासी नहीं हैं, लेकिन संसाधनों पर इनका कब्जा हो चुका है। वे बेहतर पैसे और अच्छी जिंदगी के लालच में आए थे, लेकिन बंगाल के राजनीतिज्ञों ने उनका यहीं बसेरा बना दिया। बंगाल की संस्कृति, जीवन शैली, परंपरा, आदि. सब कुछ बदल गया है। बीजेपी के इस वादे में बंगाली समुदाय को एक विश्वास दिखता है कि घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नेशनल ग्रिड बनना चाहिए और गृह मंत्री इसको चुनावी अभियान का हिस्सा बनाना चाहते हैं। देखा जाए तो बीजेपी की चुनावी राजनीति की कमान जब से अमित शाह संभाल रहे हैं, तब से लगातार पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की स्थिति सुधर रही है। 2016 के विधान सभा चुनाव में बीजेपी को केवल 3 विधानसभा सीटों में ही जीत हासिल हुईं थी, लेकिन 2021 में 77 सीटों को जीतने में बीजेपी सफल रही। उसी तरह से 2014 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में बीजेपी को 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 39 प्रतिशत वोटों का सहारा मिला। पिछली हार से सबक लेते हुए भाजपा इस बार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गयी है। पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने के लिए नेताओं को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि पिछली बार बंगाली अस्मिता का मुद्दा उठाकर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को बाहरी पार्टी के तौर पर प्रचारित किया और चुनाव में इसका लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला। इस बार भाजपा बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर सतर्क है। बिहार जीत से उत्साहित भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल को लेकर सटीक और सधी रणनीति अपना रही है। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्रियों का दौरा तेज होने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं। दूसरी तरफ, ममता बनर्जी के शासन काल में अपराध और अपराधियों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री अराजकता की लाइन पार करती दिखाई देती हैं। वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा का भी अक्सर उल्लंघन करती दिखाई देती हैं। केंद्र के साथ बैठकों में भी कागज़ फेंकने, झल्लाने और घमंड दिखाने से बाज नहीं आतीं। बंगाल के लोगों को ममता की इस शासन संस्कृति से लज्जित होना पड़ता है।

पीएम मोदी लगातार धैर्य और सहिष्णुता से पेश आते रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में ईडी के अधिकारियों के साथ ममता का असंवैधानिक व्यवहार उनकी सरकार को बर्खास्त करने का कारण बन सकता था। फिर भी बीजेपी नेतृत्व इसकी मांग से बच रहा है। बीजेपी संभवतः यह मान रही है कि 2026 में बंगाल की सीएम ममता नहीं होंगी और टीएमसी के लिए खुद को बचाए रखना भी संभव नहीं होगा। माना जा रहा है कि मुस्लिम वोट के लिए हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह दौर अब आगे नहीं चल सकता। अमित शाह ज़्यादातर मामलों में अपनी बात पर खरे उतरे हैं, अब देखना यह है कि बंगाल भी उनके लिए उनके वादे के साथ खड़ा होगा या नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
ऋतुपर्ण दवे



# ग्रीनलैंड का सपना ट्रंप का बाल हठ या राज हठ

कभी ट्रम्प तानाशाह तो कभी तुनक मिजाज लगते हैं। शायद अमेरिकावासियों को भी अब ट्रम्प को समझ पाना मुश्किल हो रहा होगा। उन्हें चुनते वक्त भी ऐसा अंदाजा हरगिज नहीं रहा होगा। इतना तो समझ आ रहा है कि अपनी दूसरी पारी में ट्रम्प दुनिया में सबसे अलग करने की नीयत से हर वो काम करने पर आमादा हैं, जिससे उनकी चर्चा और धमक बनी रहे। लगता नहीं कि वो कभी अमेरिका के आदर्श राष्ट्र प्रमुखों में गिने जाएंगे! उनका दर्द जब-तब उनके बयानों से झलकता भी है। शांति के नोबल पुरस्कार की होड़ में मात खाने के बाद ट्रम्प एकाएक अशांतिपूर्ण हरकतों पर उतारू हो गए। उनकी टीस इसी बात से समझ आती है कि इस पुरस्कार के लिए खुद अपनी पैरवी करने वाले ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को चिट्ठी लिख नोबेल नहीं मिलने की शिकायत तक कर दी। साथ ही यह भी लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला, इसलिए उन्होंने अब शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर जबरन कब्जे की उनकी नीयत और कोशिशों की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने की खीझ भी स्पष्ट समझ आती है। रूस और चीन के खतरे की दुहाई देकर ट्रम्प नाटो सदस्य डेनमार्क के ग्रीनलैंड को हथियाने का जो दंभ भर रहे हैं, उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नाटो की एकता के साथ ही वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। ट्रम्प की जिद कहें या दादागिरी, यह उनका दुनिया का तानाशाह बनने जैसा ही कदम कहलाएगा। देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका ही भुगतेगा, क्योंकि वैश्विक मंच पर दुनिया का दारोगा कहलाने वाले मजबूत देश की विश्वसनीयता कमेगी। ग्रीनलैंड की जिद पर दुनिया भर में शांति के पक्षधर लोगों की समझाइश का भी ट्रम्प पर कोई असर न पड़ना मामले को गंभीर बनाता है। ग्रीनलैंड में 1979 से स्व-शासन है। उसकी विदेश और रक्षा नीति नाटो संगठन का सदस्य देश डेनमार्क देखता है। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त भाग है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क सरकारों ने भी हमेशा कहा है कि ग्रीनलैंड न कभी पहले बिकाऊ था, न आज है। नाटो देश भी कभी नहीं चाहेंगे कि कोई दादागिरी कर कब्जा कर ले।

खुद यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन, डेनमार्क और इटली ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना की है। इतना ही नहीं, सामूहिक तौर पर जवाब देने की बात भी कह ट्रम्प को चेताया है। आठ यूरोपीय देशों डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड पर टैरिफ की धमकी को ये देश ट्रम्प का ब्लैकमेल, समझ से परे और अनुचित बता रहे हैं। ट्रम्प की हरकतों से यूरोप और अमेरिका के सुरक्षा सहयोग संगठन नाटो के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह दिख रहा है। खुद 80 प्रतिशत अमेरिकी भी नहीं चाहते कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बने, क्योंकि इससे नाटो में दो फाड़ होगी, जिसका फायदा चीन और रूस जैसे अमेरिका विरोधियों को मिलेगा। ऐसा भी नहीं है कि यूरोपीय संघ यानी ईयू ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ का जवाब देने में पीछे है। ईयू 27 यूरोपीय देशों का राजनीतिक और आर्थिक संगठन है। इन देशों का रुख अमेरिका पर ट्रेड पाबंदियां लगाने का है, जिस पर वो गंभीरता से विचार कर रहे हैं। जबकि इनका लक्ष्य सदस्य देशों के बीच शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना है। ऐसी स्थिति में नाटो देश भी अमेरिका की मुखालफत करेंगे। हालांकि, ईयू एक खास कानूनी हथियार के इस्तेमाल की सोच रहा है, जिसे 'ट्रेड बाजूका' कहते हैं। इसका मकसद उन देशों के खिलाफ कड़ा कदम उठाना है, जो यूरोपीय देशों पर जबरदस्ती आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ईयू सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में भी हैं। जाहिर है इससे बहुपक्षीय तनाव बढ़ना ही है, जिसमें अमेरिका के विरोध में कई होंगे। इन सबके लिए जिम्मेदार ट्रम्प ही होंगे। ट्रम्प की मौजूदा सनक की वजह ग्रीनलैंड है जो सैन्य रणनीतिक लिहाज से बेहद खास है। जब ग्रीनलैंड अमेरिका का होगा तो निश्चित तौर पर वह रूस-चीन की बढ़त रोकने में मददगार होगा। इसीलिए ट्रम्प ग्रीनलैंड को अमेरिकी सुरक्षा का फ्रन्ट लाइन मानते हैं। दूसरी ओर ग्रीनलैंड में दुर्लभ खनिज, तेल, गैस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार हैं। अब ट्रम्प की नीयत चाहे जो हो, वो उनका अंतर्मन ही जाने, लेकिन क्या नोबेल का शांति पुरस्कार मिलता तो भी ट्रम्प ऐसा करते? अब यह ट्रम्प का बाल हठ है या राज हठ, वही जानें फिलहाल ट्रम्प दुनिया में खुद को तमाशा जरूर बना रहे हैं। देखना है कि उनका खेल कब तक चलेगा?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए।

*- अनिल पांडे, भिलाई*

## ट्रेंड

### नबीन को बधाई



नितिन नबीन संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बिहार सरकार में कई बार मंत्री रहे हैं। संगठन के विभिन्न दायित्वों का उन्होंने एकनिष्ठता से निर्वहन किया है। ऐसे नौजवान, ऊर्जावान एवं प्रतिभावान अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के लिए बधाई।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कार्यकर्ताओं की मेहनत



आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, तो इसकी वजह हमारा प्रेरणादायी नेतृत्व है, हमारी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत है। वो कार्यकर्ता, जो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नहीं देता है।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### सत्र का घटता समय



देश में संसद व राज्य विधानमण्डलों के सत्र के घटते समय के साथ-साथ हर बार इनके भारी हंगामेदार एवं स्थगन आदि से इनकी जन उपयोगिता का घटता प्रभाव अक्सर गंभीर चिन्ता का विषय रहा है। इस पर सरकार और विपक्ष दोनों को अति-गंभीर होकर अमल भी ज़रूर करना चाहिये।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### पुलिस का दुर्व्यवहार



प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार और उनका अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय गिराना शुरू



फलस्तीनियों को सहायता प्रदान करने वाले मानवीय समूहों पर प्रतिबंधों को कड़ा किए जाने के बीच इजराइल के कर्मचारियों ने पूर्वी यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय को बुलडोजर से गिराना शुरू किया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने 'एक्स' पर कहा कि इजराइली सेना ने संरा कार्यालय के कर्मचारियों के उपकरण जब्त कर लिए और उन्हें शेख जर्राह इलाके में स्थित इमारत से जबरन बाहर निकाल दिया। पोस्ट में कहा गया, यह न केवल यूएनआरडब्ल्यूए और उसके परिसर पर अभूतपूर्व हमला है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन है।' इजराइल लंबे समय से यूएनआरडब्ल्यूए की आलोचना करता रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि यह फलस्तीन समर्थक है। इजराइल ने समूह पर हमास से संबंध रखने का भी आरोप लगाया है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने पूरी तरह से नकार दिया है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई उस नए कानून के तहत की गई है जिसके तहत आतंकवादी समूहों और हमास से संबंध रखने के आरोप में संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# वनडे की हार का बदला लेने उतरेगा भारत, सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर फोकस

## नागपुर में आज शाम 7 बजे से भारत और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नागपुर

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार 21 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे, जिसमें भारत की नजर वनडे श्रृंखला में मिली हार का बदला चुकता करके अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होगी।

सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी, जिसके बाद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसकी जीत का प्रतिशत 72 प्रतिशत से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले दो वर्षों में भारतीय टी20 टीम स्वचालित मोड पर रही है, जिसमें उसे इक्का-दुक्का हार का ही सामना करना पड़ा।

### भारत ने जीते 25 में से 18 मैच

लेकिन जब टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की बात आती है तो सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत एक अलग ही टीम साबित हुई है, जिसने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी को जाता है। न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे, कप्तान मिचेल सैंटनर, तेज गेंदबाज जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम साबित हो सकती है।



### सूर्यकुमार ने 19 मैचों में बनाए केवल 218 रन

इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123 से अधिक रहा है। तिलक वर्मा को खेलने का अधिक समय देने के लिए उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में खुद को तीसरे नंबर के बजाय चौथे नंबर पर खिसका दिया। सूर्यकुमार अच्छी तरह से जानते हैं कि उनके खराब प्रदर्शन का ड्रेसिंग रूम में असर पड़ सकता है और उन्हें अब हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### तिलक की जगह श्रेयस को मौका

किसी भी अन्य टीम में श्रेयस अय्यर जैसे काबिल खिलाड़ी को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में स्वतः ही जगह मिल जाती, क्योंकि उन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी को आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया है और एक बार जीत हासिल की है। भारतीय टीम में स्पिनरों के खिलाफ खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक अय्यर को तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली है।

### टी20 श्रृंखला में पंड्या-बुमराह की वापसी

टी20 श्रृंखला में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी होगी, जिन्हें वनडे श्रृंखला में विश्राम दिया गया था। पंड्या अपने कौशल से टी20 टीम में संतुलन लाते हैं और उनकी मौजूदगी का मतलब है कि टीम प्रबंधन एक अतिरिक्त विशेषज्ञ खिलाड़ी को खिलाने का जोखिम उठा सकता है। वरुण चक्रवर्ती टीम के तुरुप का इक्का होंगे, जिनके खिलाफ न्यूजीलैंड ने ज्यादा मैच नहीं खेले हैं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी, क्रिस्टियन क्लार्क।

---

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: सिनर ने एरिना को हराया, खिताबी हैट्रिक के लिए अभियान की शुरुआत

# सिनर और कीज ने दिखाई चैंपियन वाली झलक, दूसरे राउंड में शानदार एंट्री


एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और मैडिसन कीज ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर ने कहा, 'मैंने देखा कि वह दूसरे सेट में बहुत तेज गति से सर्व नहीं कर रहा था लेकिन मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता था।' सिनर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।



### कीज ने ओलेक्सांद्रा को हराया


नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही। कीज ने कहा, 'मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा।' कीज ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया।



### दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हारी

इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। पूर्व अमेरकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले दौर में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6 (7), 6-2 से हार गई। वर्ष 2017 में अमेरिकी ओपन जीतने वाली स्टीफंस ने इस साल क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी।

### शेल्टन ने किया दूसरे दौर में प्रवेश



बाएं हाथ से खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के यूगो हंबर्ट को 6-3, 7-6 (2), 7-6 (5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन पिछले साल में टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन के चौथे सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंच गए। बेल्जियम के खिलाड़ी ने कथित तौर पर ऐंठन और चक्कर आने के कारण मैच बीच में ही छोड़ दिया। उस समय मुसेट्टी 4-6, 7-6 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे। आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में एलियट स्पिजिरी भी शामिल हैं, जिन्होंने 19 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका को 6-4, 2-6, 6-1, 6-2 से हराया। करेन खाचानोव और सेबेस्टियन बाएज भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं।

## अच्छी चुनौती के बाद हारी पूनाचा-इसारो की जोड़ी, टूर्नामेंट से बाहर



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर हो गए। पूनाचा और इसारो की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी ने पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी के सामने अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे और 51 मिनट में 6-7(3) 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों जोड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था, लेकिन पूनाचा और इसारो तीन में से केवल एक ब्रेक प्वाइंट के मौके को ही भुना पाए और मैच में दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठे। युगल स्पर्धा में भारत की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। युकी भांबरी स्वीडन के अपने साथी आंद्रे गोरान्सन के साथ चुनौती पेश करेंगे। उन्हें 10वीं वरीयता दी गई है और उनका पहला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ियों जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट (पूर्व विश्व नंबर एक लेटन हेविट के बेटे) से होगा। सुमित नागल की रैंकिंग में 2025 के सत्र में काफी गिरावट के कारण पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं है।

## खबर संक्षेप



### तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे प्रज्ञानानंदा

**स्टावेंजर।** भारतीय स्टार आर प्रज्ञानानंदा ने पुष्टि की कि वह तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल प्रज्ञानानंदा ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है । उन्होंने कहा,' नॉर्वे शतरंज में वापसी को बेकरार हूं। मुझे 2024 में वहां खेलने में काफी मजा आया। बेहद रोमांचक प्रारुप।' नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे रेस्ट्रे एस ने कहा,' प्रज्ञानानंदा ने 2024 में यहां शानदार प्रदर्शन किया। उनका फिर स्वागत करना बेहतरीन होगा।' प्रज्ञानानंदा ने सबसे पहले 2022 में नॉर्वे शतरंज में भाग लेकर टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद 2024 में मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल प्रारुप में पहली बार हराया। इसी साल वह शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

### बीसीसीआई ने किया आईपीएल के लिए जेमिनी से करार

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले गूगल के एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी के साथ 270 करोड़ रुपए का प्रायोजन करार किया है। जेमिनी की प्रतिद्वंद्वी कंपनी चैट




जीपीटी महिला प्रीमियर लीग के प्रायोजकों में से एक है। बीसीसीआई के अधिकारी ने बताया,'यह करार तीन साल के लिए है और आईपीएल की वैश्विक अपील की बानगी देता है।' बीसीसीआई को पिछले साल जर्सी के लिए नया प्रायोजक तलाशना पड़ा जब भारत सरकार ने ड्रीम 11 जैसे वास्तविक धन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में अपोलो टायर 579 करोड़ रुपए के करार के बाद जर्सी का नया प्रायोजक बना।

### यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया



**नोएडा।** यूपी डोमिनेटर्स ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के एक मुकाबले में शानदार वापसी का बेहतरीन नजारा पेश करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हरा दिया। पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के वफाइपुर हादी बख्तियार ने मिखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। इसके बाद महिलाओं के 76 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली की अनास्तासिया अल्पीवा ने ओजो डामोला हन्ना पर 11-2 से जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के 74 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में भी दिल्ली का पलड़ा भारी रहा। अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने अभिमन्यु मांडवाल को 3-0 से हराकर दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिला दी। यूपी को आखिरकार तपस्या गहलावत ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में कार्ला गोंजालेज पर 8-2 से हराकर वापसी दिलाई।

## डब्ल्यूपीएल में वैष्णवी की सरप्राइज एंट्री, डेब्यू मैच में मचाई थी सनसनी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा



भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शेष मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया। सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपए में मुंबई इंडियंस में शामिल होंगी।' वैष्णवी 2025 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से अच्छा प्रभाव डाला और पांच विकेट लिए।

## जेमिमा के नाबाद अर्धशतक से कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराया



**वडोदरा।** जेमिमा रौड्रिग्स ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए नाबाद अर्धशतक लगाकर दिल्ली कैपिटल्स को महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार को 7 विकेट से महत्वपूर्ण जीत दिलाई। धीमी पिच पर पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई मुंबई इंडियंस ने नेट स्किवेर ब्रंट के 45 गेंद में नाबाद 66 रन की सहायता से पांच विकेट पर 154 रन बनाये। दिल्ली को लिजेले ली (28 गेंद में 46 रन) और शेफाली वर्मा (24 गेंद में 29 रन) ने अच्छी शुरूआत दी लेकिन बीच के ओवरों में टीम ने विकेट गंवा दिये। इसके बाद जेमिमा ने 37 गेंद में 51 रन की अविजित पारी खेलकर दिल्ली को जीत तक पहुंचाया। अनुभवी मरिजाने काप छह गेंद में 10 रन बनाकर नाबाद रही और छक्के के साथ विजयी रन पूरे किये। दिल्ली कैपिटल्स की यह पांच मैचों में दूसरी जीत है जबकि मुंबई की छह मैचों में चौथी हार है। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हार के बाद स्वीकार किया कि टीम को पावरप्ले में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। दिल्ली ने पावरप्ले में शेफाली वर्मा का विकेट गंवाया जो बायें हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का शिकार हुई। वहीं अमनजोत कौर ने 11वें ओवर में लिजेले ली का विकेट लिया। इससे पहले हीली मैथ्यूज के चोट से उबरने के बाद वापसी करने के बावजूद मुंबई इंडियंस पावरप्ले में अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकी।

### टी-20 श्रृंखला के लिये दक्षिण अफ्रीका जायेगी भारतीय महिला टीम

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को घोषणा की कि भारतीय महिला टीम पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 श्रृंखला खेलने अप्रैल में यहां आयेगी। ये मैच 17 से 27 अप्रैल के बीच डरबन, जोहानिसबर्ग और बेनोनी में खेले जायेंगे। पहला और दूसरा मैच डरबन में 17 और 19 अप्रैल को होगा। इसके बाद तीसरा और चौथा मैच जोहानिसबर्ग में 22 और 25 अप्रैल को और आखिरी मैच बेनोनी में 27 अप्रैल को खेला जायेगा। इंग्लैंड में 12 जून से होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व से पहले दक्षिण अफ्रीका टीम की यह आखिरी श्रृंखला होगी।

### सानिया ने किया महिला खिलाड़ियों के लिए 'द नेक्स्ट सेट' लॉन्च



**हैदराबाद।** छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया मिर्जा ने 'द नेक्स्ट सेट' नामक एक पहल की घोषणा की, जिसका उद्देश्य टेनिस सहित भारत की अग्रणी और उभरती महिला खिलाड़ियों को सलाह और समर्थन देना है। सानिया ने खेल जगत को वापस कुछ देने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है, जिसमें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करना है।


**सूचना:-**

कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी व इसके अधीनस्थ आने वाले उपकेन्द्र लोहारू, तोशाम में विभिन्न ट्रेडो हेतू अप्रैन्टिस के लिए दिनांक 27.01.2026 से 28.01.2026 तक आवेदन मांगे गए हैं। जिनको apprenticeshipindia.org पोर्टल पर आवेदन किया जाना है। सभी आवेदन पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे एवं कार्यालय में किए हुए आवेदन की छायाप्रति एंव दसवीं की फोटो प्रति, आधार कार्ड की प्रति, जाति प्रमाण पत्र की प्रति, आई०टी०आई० की छायाप्रति दिनांक 29.01.2026 को प्रातः 09:00 बजे से सांय 03:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। उक्त आदेशों की छायाप्रति केवल दिनांक 29.01.2026 को ही जमा करवाऐं। इससे पूर्व एवं इसके बाद किसी भी आवेदन को स्वीकृत नहीं किया जायेगा। दस्तावेजों की हेतू सभी आवेदनकर्ता दिनांक 03.02.2026 को अपने मूल दस्तावेज सहित प्रातः 09:00 बजे कर्मशाला भिवानी में पहुंचना सुनिश्चित करें।

निम्नलिखित ट्रेड:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Electrician | 02 |
| 2 | Mechanic Motor Vehicle | 04 |
| 3 | Diesel Mechanic | 03 |
| 4 | Carpenter | 03 |
| 5 | Welder | 01 |
| 6 | Painter | 01 |
| 7 | Total | 14 |

हस्ता/- महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी।

पीआरडीएच : 1119/11/801/2026/42207/88/6 दि. 20/01/26



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

केन्द्र पर नेट हाउस, पोली हाउस व हाईटेक नर्सरी को रिपेयर करवाने के लिए
लेबर हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर नेट हाउस, पोली हाउस व हाईटैक नर्सरी को रिपेयर करवाने हेतु लेबर / कारीगर की आवश्यकता है। कार्य का विवरण निम्नलिखित है:-

| Sn. | Name of work | Qty/Area | Unit Rate | Total Amount (including all other charges GST etc.) |
|---|---|---|---|---|
| | **NVPH-1 & 11 (2016 sqm each)** | | | |
| 1. | Replacement of poly sheet | 1222 sqm | /sqm | |
| 2. | Replacement/repairing of bottom apron | 100 sqm | /sqm | |
| 3. | Replacement of PVC pipe (63mm), Rubber grommet & PVC star nipple connector in fogger & drip irrigation system | 1.PVC pipe (63mm)-20 mtr. 2.Rubber grommet- 100 nos 3.PVC star nipple connector-100 nos | /complete job | |
| 4. | Replacement of thermal net | 500 sqm | /sqm | |
| 5. | Replacement of pully in thermal net | 100 Pcs. | /Pcs. | |
| 6. | Replacement of curtain clamp | 150 Pcs. | /Pcs. | |
| 7. | Replacement of Profile | 23 Pcs. | /Pcs. | |
| 8. | Replacement of self-screw | 400 Pcs. | /Pcs. | |
| 9. | Repairing of gutter leakage with silicon | 2000 sqm each | /sqm | |
| 10. | Washing and cleaning of NVPH | 2000 sqm each | /sqm | |
| 11. | Repairing of tractor entry gate in both NVPHs | One Job | /Job | |
| 12. | Replacement of Polyester monofilament wire | 200 mtr. | /mtr | |
| | **Hi-tech Nursery (2016 sqm)** | | | |
| 1. | Replacement of Aluminate shade net (Thermal net) | 1500 sqm | /sqm | |
| 2. | Replacement of cooling pad | 475.2 sqft | /sqft | |
| 3. | Replacement of motor belt in co-axial fan | 2 Pcs. | /pcs. | |
| 4. | Replacement of poly sheet | 231 sqm | /sqm | |
| 5. | Repairing of boom irrigation system | 4 set of boomers | /boomer | |
| 6. | Repairing of heater | 10 nos. | /heater | |
| 7. | Installing of circulatory fans | 12 pcs. | /pcs | |
| 8. | Repairing of gutter leakage with silicon | 2000 sqm | /sqm | |
| 9. | Washing of HTGH | 2000 sqm | /sqm | |
| 10. | Replacement of Profile | 10 Pcs.. | /Pcs. | |
| 11. | Replacement of self-screw | 100 Pcs. | /Pcs. | |
| | **INH-I & II (2080 sqm each)** | | | |
| 1. | Replacement of insect net | 4200 sqm | /sym | |
| 2. | Replacement of Profile | 40 Pcs. | /Pcs. | |
| 3. | Replacement of self-screw | 500 Pcs | /Pcs. | |
| 4. | Replacement of pully | 200 Pcs | /Pcs. | |
| 5. | Rubber grommet & PVC star nipple connector in fogger & drip irrigation system | 1. Rubber grommet- 100 nos 2.PVC star nipple connector-100 nos | /complete job | |
| 6. | Replacement of Polyester monofilament wire | 150 mtr. | /mtr. | |
| 7. | Repairing of shade net (4.2x52mtr.) | 1000 sqm | /sqm | |
| 8. | Washing and cleaning of INH | 2000 sqm each | /sqm | |
| | **Grand Total** | | | |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 27.01.2026 दोपहर 2 बजे तक कार्यालय की ई-मेल coemunimpur@gmail.com या कार्यालय में दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते हैं तथा किसी भी कार्यदिव्स में उपरोक्त कार्य के संबंध में केन्द्र का निरीक्षण कर सकते है। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र

पीआरडीएच-1149/11/1031/2026/42205/88/6 दि. 20.01.26



**प्रेस नोट (Press Note)**

**विषय: अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान जब्त की गई सामग्री की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 29.01.2026, को, इच्छुक बोलीदाता आमंत्रित हेतु।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों (बाजार, फुटपाथ और मुख्य मार्गों) से अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान जब्त किए गए सामान की खुली बोली (Open Auction) के माध्यम से नीलामी की जाएगी। यह नीलामी स्थानीय प्रशासन के नियमों के अंतर्गत पारदर्शी तरीके से आयोजित की जा रही है।

नीलामी का विवरण निम्नानुसार है:

नीलामी की तिथि: गुरूवार और 29.01.2026,
समय: सुबह समय, 12:00 बजे, से प्रारंभ
स्थान, सैक्टर 14 सामुदायिक केन्द्र,

'सामग्री का विवरण: जब्त किए गए लोहे के फ्रेम, रेहड़ी-पटरी का सामान, काउंटर, होर्डिंग्स, फर्नीचर और अन्य व्यावसायिक उपकरण।

नीलामी की शर्तें:-

1. पंजीकरण: बोली में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
2. धरोहर राशि प्रत्येक बोलीदाता को रकम, जैसे: 5000/- रुपये धरोहर राशि के रूप में जमा करने होंगे, जो बोली न लगने पर वापस कर दिए जाएंगे।
3. भुगतान उच्चतम बोलीदाता को नीलामी की पूरी राशि मौके पर ही जमा करनी होगी।
4. सामग्री उठाना सामान को नीलामी स्थल से हटाने की जिम्मेदारी और खर्च स्वयं बोलीदाता का होगा।
5. नगर निगम, रोहतक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

नगर निगम, रोहतक शहरवासियों से अपील करता है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। जब्त किए गए सामान को केवल इसी कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए नगर निगम, रोहतक की भू-शाखा में संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/- संयुक्त आयुक्त-1, नगर निगम, रोहतक।
संवाद - 1078/11/942/2026/42202/C/88/6 दि. 20.01.26




### ट्रंप ने नाटो चीफ को किया फोन

# सोशल मीडिया पर कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा बताया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को नाटो चीफ मार्क रूट से फोन पर बात की। बातचीत में ग्रीनलैंड के मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के दावोस बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई। ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर एक मैप भी शेयर किया, जिसमें कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया।

*ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है*

ट्रंप ग्रीनलैंड का फ्यूचर स्विट्जरलैंड में तय करेंगे

नाटो चीफ रूट ने भी ग्रीनलैंड पर ट्रंप का किया समर्थन


ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया

### ट्रंप इंटरनेशनल गैंगस्टर ब्रिटिश संसद डेवी ने कहा



ब्रिटेन के लिबरल डेमोक्रेट नेता एड डेवी ने ब्रिटिश संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की। उन्होंने ट्रंप को 'इंटरनेशनल गैंगस्टर' तक बता दिया। डेवी ने कहा कि ट्रंप एक 'इंटरनेशनल गैंगस्टर' और 'धौंस जमाने वाले नेता' की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

### नाटो चीफ का मैसेज सार्वजनिक किया

*ट्रंप ने नाटो चीफ मार्क रूट का एक पर्सनल मैसेज सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस मैसेज में ने ट्रंप से कहा कि मिस्टर प्रेसिडेंट, आज आपने सीरिया में जो हासिल किया है, वह अविश्वसनीय है। मैं दावोस में अपने मीडिया इंटरव्यू में सीरिया, गाजा और यूक्रेन में आपके काम को सामने रखूंगा।*



ट्रंप ने ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बताते हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की

### धमकियों का सख्ती से करें सामना: न्यूजॉम



*टैरिफ धमकियों के खिलाफ कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजॉम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें ट्रंप की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रंप के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है।*

### ट्रम्प की फ्रांसीसी शराब पर 200% टैरिफ की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को चेतावनी देते हुए वाइन और शैम्पेन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने सोमवार को यह चेतावनी फ्रांस के गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने से इनकार करने के विरोध में दी है। ट्रम्प ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को शामिल भी नहीं करना चाहते, क्योंकि बहुत जल्द उनकी कुर्सी छिनने वाली है। उन्होंने कहा-अगर मुझे लगा तो मैं फ्रांसीसी वाइन और शैम्पेन पर 200% टैरिफ लगाऊंगा, फिर मैक्रों खुद पीस बोर्ड में शामिल हो जाएंगे। दरअसल ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन को चलाने और उसे फिर से बसाने के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है। ट्रम्प ने इस कमेटी में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा है।

### फ्रांस के राष्ट्रपति के निजी मैसेज लीक

ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों के साथ हुई बातचीत को शेयर किया है। मैक्रों ने सीरिया और ईरान के मसलों पर ट्रंप से सहमति जताई, लेकिन उन्होंने ट्रंप के ग्रीनलैंड वाले फैसले पर खुलकर सवाल उठाए। साथ ही मैंकों ने 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने से इंकार कर दिया। इससे नाराज होकर ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि मैं फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200 प्रतिशत टैक्स (टैरिफ) लगा दूंगा। फिर मैक्रों शामिल हो जाएगा।

### ट्रंप ने नॉर्वे को भेजा धमकी भरा मैसेज

# ट्रंप बोले, भाड़ में जाए नोबेल अब शांति की जरूरत नहीं

■ नोबेल समिति ने कहा था पुरस्कार किसी को हस्तांतरित नहीं कर सकते

**वाशिंगटन।** नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने से गुस्साए ट्रंप ने अब कहा कि उन्हें नोबेल की जरूरत नहीं हैं। भाड़ में जाए नोबेल। इसके साथ उन्होंने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को एक मैसेज भेजा। इस मैसेज में कहा कि अब वह शांति के लिए बाध्य नहीं हैं और ग्रीनलैंड पर पूरी तरह से कंट्रोल चाहते हैं। ट्रंप ने लिखा, चूंकि आपके देश ने मुझे आठ युद्धों को रोकने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया है, इसलिए अब मुझे पूरी तरह से शांति के बारे में सोचने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती, हालांकि यह हमेशा हावी रहेगा, लेकिन अब मैं सोच सकता हूं कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए क्या अच्छा और सही है। बता दें कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने टंप को अपना नोबेल दिया थाए लेकिन नोबेल समिति ने इसकी आलोचना करते हुए कहा पुरस्कार किसी को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसे बेवकूफी बताया, यहां अमेरिका का अहम मिलिट्री बेस मौजूद

# ब्रिटेन ने नेपोलियन को हरा जीता था चागोस आइलैंड, अब मॉरिस को देने पर ट्रंप नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डिएगो गार्सिया आइलैंड को लेकर ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन इस द्वीप को मॉरीशस को देने की तैयारी कर रहा है, जबकि यहां अमेरिका का बेहद अहम सैन्य अड्डा मौजूद है। ट्रम्प के मुताबिक बिना किसी ठोस वजह के यह द्वीप देना गलत और बेवकूफी भरा फैसला है। डिएगो गार्सिया, हिंद महासागर में स्थित चागोस आइलैंड्स का हिस्सा है। ब्रिटेन ने 1814 में नेपोलियन को हराकर चागोस आइलैंड्स पर कब्जा किया था। 1965 में इन्हें मॉरीशस से अलग कर 'ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र' बनाया गया। 1968 में मॉरीशस को आजादी मिली थी। तब तय हुआ था कि जब इन द्वीपों की जरूरत रक्षा के लिए नहीं रहेगी, तो इन्हें मॉरीशस को लौटा दिया जाएगा। बाद में डिएगो गार्सिया पर अमेरिका और ब्रिटेन का जॉइंट मिलिट्री बेस बनाया गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा कि- हैरानी की बात है कि हमारा शानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया द्वीप मॉरीशस को सौंपने की योजना बना रहा है। वो भी बिना किसी कारण के। इसमें कोई शक नहीं है कि चीन और रूस ने इस कमजोरी को भांप लिया है। उन्होंने आगे लिखा कि ये देश सिर्फ ताकत को समझते हैं और इसी वजह से उनकी लीडरशिप में अमेरिका को एक साल में पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिला है। ट्रम्प ने कहा कि इतना अहम इलाका सौंपना बहुत बड़ी बेवकूफी है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों में से एक है, जिसके चलते अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड हासिल करना जरूरी हो जाता है। मॉरीशस को 1968 में ब्रिटेन से आजादी मिली थी। उस वक्त भी चागोस आइलैंड्स पर ब्रिटेन का कब्जा बना रहा। मॉरीशस 1980 के दशक से इन आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है और उसने यह मामला अंतरराष्ट्रीय अदालतों में उठाया। साल 2019 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि 1968 में मॉरीशस को आजादी देते वक्त उपनिवेश खत्म करने की प्रोसेस पूरी नहीं हुई थी और ब्रिटेन को जल्द से जल्द चागोस आइलैंड्स का प्रशासन खत्म करना चाहिए। ऋषि सुनक के लीडरशिप वाली कंजरवेटिव सरकार ने 2022 में ऐलान किया कि ब्रिटेन और मॉरीशस चागोस आइलैंड्स की संप्रभुता को लेकर बातचीत शुरू करेंगे।

> मॉरीशस 1980 के दशक से आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है

## खबर संक्षेप

### मशहूर डिजाइनर वैलेंटिनो गारवानी का निधन



**रोम।** मशहूर इतालवी डिजाइनर वैलेंटिनो गारवानी का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने रोम स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके निधन की दुखद खबर उनके फाउंडेशन ने दी। फाउंडेशन ने कहा कि उनका पार्थिव शरीर बुधवार और गुरुवार को रोम स्थित संस्था के मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। अंतिम संस्कार शुक्रवार को रोम के पियाजा डेला रिपब्लिका में स्थित बेसिलिका सांता मारिया डेगली एंजेली ई डेई मार्टिरी में होगा।

### बुल्गारिया के राष्ट्रपति रादेव का इस्तीफा



**सोफिया।** बुल्गारिया के वामपंथी राष्ट्रपति रूमेन रादेव ने सोमवार को अपने पद से हटने की घोषणा की। मंगलवार को उन्होंने संवैधानिक न्यायालय में औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपे दिया। संविधान के अनुसार वर्तमान उपराष्ट्रपति इलियाना योतोवा को सरकार के कार्यकाल के अंत तक पद संभालने के लिए संसद द्वारा शपथ लेनी होगी।

# भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा क्षेत्र में करें निवेश, विश्व के लिए 'समाधान' करें तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान दुनिया भर के निवेशकों से भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने की जोरदार अपील की है।

भारत ने सोलर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया है और बड़े स्तर पर इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की क्षमता दिखाई है। दावोस में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कनाडा की कंपनी ला काइस के अध्यक्ष और सीईओ चार्ल्स एमोंड और सीओओ सारा बुशार्ड के साथ बैठक की। जोशी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बातचीत के दौरान सोलर, पवन और मिश्रित नवीकरणीय परियोजनाओं को बढ़ाने, बिजली ट्रांसमिशन व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रीन हाइड्रोजन तथा ऊर्जा भंडारण के नए उपायों पर बात की गई। उन्होंने कहा कि 'पार्टनर विद इंडिया' पहल को और बड़े स्तर पर बढ़ाया जाए, ताकि 2030 तक जलवायु कार्यों के लिए तय 400 अरब डॉलर के निवेश का फायदा भारत को मिल सके। उन्होंने कहा कि भारत की स्वच्छ ऊर्जा योजनाएं और ला कैस की जलवायु निवेश रणनीति एक-दूसरे से मेल खाती हैं।

### भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट का आदेश, केंद्रीय अफसरों की जांच कर सकती है राज्य पुलिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार के अपराधों के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत राज्य पुलिस के अधिकारी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सकते हैं और आरोप पत्र दाखिल कर सकते हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि राज्य पुलिस द्वारा केंद्र सरकार के किसी कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों की जांच राज्य एजेंसी या केंद्रीय एजेंसी या किसी भी पुलिस एजेंसी द्वारा की जा सकती है, इस शर्त के साथ कि पुलिस अधिकारी एक विशेष रैंक का होना चाहिए।

# भारत के साथ ऐतिहासिक ट्रेड डील जल्द : ईयू प्रमुख



**उर्सुला बोलीं, गणतंत्र दिवस पर हो सकता है ऐलान ट्रम्प टैरिफ का असर कम करने की तैयारी**

**नई दिल्ली।** यूरोपीय कमीशन चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि भारत और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता जल्द होने वाला है। यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट 200 करोड़ लोगों के लिए नया बाजार बनाएगा, जो वैश्विक जीडीपी के लगभग 25 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने इसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा। उर्सुला ने दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में यह बात कही। वे 25 से 27 जनवरी तक भारत दौरे पर रहेंगी और 27 जनवरी को होने वाले भारत-ईयू समिट में इस समझौते के पूरा होने की घोषणा की जा सकती है। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अपने संबोधन में इस समझौते को "मदर ऑफ ऑल डील्स" करार दिया। उन्होंने कहा, "मैं भारत जा रही हूं। अभी कुछ काम बाकी है, लेकिन हम एक ऐतिहासिक समझौते की दहलीज पर हैं। यह डील यूरोप को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे गतिशील देश भारत के साथ व्यापार करने का 'फर्स्ट-मूवर एडवांटेज' (पहला बड़ा मौका) देगी।" यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटी) दोनों पक्षों के बीच व्यापार को बहुत बढ़ाएगा। इस एग्रीमेंट के बाद व्यापार दोगुना होने की उम्मीद है। समझौते से सामान और सेवाओं पर टैरिफ कम होंगे, जिससे व्यापार आसान बनेगा। दोनों पक्ष एक रक्षा समझौता और 2026-2030 के लिए रणनीतिक योजना भी घोषित करेंगे।

*समुद्री निर्यात को मिलेगी रफ्तार*

### 6 महाद्वीपों के 83 देशों के साथ भारत आज करने जा रहा राउंडटेबल बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मत्स्य विभाग 21 जनवरी को देश के समुद्री निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राउंडटेबल बैठक का आयोजन करेगा। इस बैठक में 83 से अधिक देशों के राजदूत और उच्चायुक्त भाग लेंगे। इस राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और एस.पी. सिंह बघेल भी मौजूद रहेंगे। भारत मछली और मत्स्य उत्पादों के निर्यात में दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है। वर्ष 2024-25 में समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात 16.98 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जिसका मूल्य 62,408 करोड़ रुपए (7.45 अरब डॉलर) रहा। यह भारत के कुल कृषि निर्यात में लगभग 18% का योगदान करता है। एशिया, अफ्रीका, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, ओशिनिया और लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन क्षेत्र के देशों के राजदूत और उच्चायुक्त इस बैठक में भाग लेंगे।

# कश्मीर में आतंकियों का बंकर ध्वस्त, कई माह का खाना लेकर छिपे थे जैश आतंकी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के दुर्गम और बर्फीले पहाड़ों में सुरक्षा बलों ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों का एक बेहद मजबूत और गुप्त कारगिलस्टाइल फोर्टिफाइड बंकर ध्वस्त कर दिया है। 12,000 फीट की ऊंचाई पर बने इस ठिकाने में जैश के पाकिस्तानी मूल के कमांडर सैफुल्लाह और उसके सहयोगी आदिल महीनों तक छिपकर रहते रहे। अंदर से जो सामान मिला है, उसने आतंकियों की लंबी योजना का खुलासा किया है। सुरक्षा बलों को यहां से 50 मैगी के पैकेट, 20 किलो उच्च गुणवत्ता वाला बासमती चावल, टमाटरआलू जैसे ताजा सब्जियां, 15 तरह के मसाले, अनाज, कुकिंग गैस सिलेंडर, और सूखी लकड़ी मिली हैं। जो स्पष्ट संकेत देती है कि आतंकी कई महीनों तक बिना बाहर निकले आराम से जीवित रह सकते थे। यह बंकर बड़े पत्थरों से बनी मजबूत दीवारों वाला एक मिनीकिले जैसा था, जिसमें कई छिपे हुए प्रवेशद्वार थे। जब सुरक्षाबलों ने बंकर को घेर लिया, तो आतंकियों ने ग्रेनेड फेंककर जवाब दिया, जिसमें सात जवान घायल हो गए। बाद में हवलदार गजेंद्र सिंह ने चोटों के कारण दम तोड़ दिया। हमले के बाद सैफुल्लाह और आदिल अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। जैसे ही बंकर का खुलासा हुआ, सुरक्षा एजेंसियों को अंदेशा हुआ कि इतनी ऊंचाई और दुर्गम इलाके में इतने बड़े पैमाने पर राशन, मसाले और ईंधन पहुंचाना स्थानीय समर्थन के बिना संभव नहीं था।

> 50 मैगी के पैकेट, 20 किलो चावल, सिलेंडर और अन्य सामान बरामद

### एस4 कैपिटल के ईसी और डब्ल्यूपीपी के फाउंडर मार्टिन सोरेल बोले

# 'इंडिया इज ऑन फायर', भारत की आर्थिक गति बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**पीएम मोदी ने 'ब्रांड इंडिया' की अच्छी इमेज बनाई, ग्लोबल कंपनियों के लिए भारत अच्छा ऑप्शन**

दुनिया के सबसे बड़े विज्ञापन और मार्केटिंग समूह डब्ल्यूपीपी के संस्थापक और एस4 कैपिटल के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन दिग्गज ब्रिटिश व्यवसायी सर मार्टिन सोरेल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि दावोस तेजी से अमेरिका की तरफ झुक रहा है, भारत एक ऐसे फोरम में सबसे बड़े रणनीतिक विजेता के तौर पर उभर रहा है, जिसे अब अमेरिकी दखल ने आकार दिया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल कंपनियां भारत की तरफ अपना रुख कर रही हैं। टैरिफ के साये के बावजूद, सोरेल ने कहा कि भारत की आर्थिक गति बरकरार है।


सर मार्टिन सोरेल

### भारत इस साल और अगले साल भी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

*सर मार्टिन सोरेल ने वर्ल्ड बैंक के अनुमानों का हवाला दिया, जिसमें भारत को न सिर्फ पिछले साल, बल्कि इस साल और अगले साल भी सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था करार दिया गया है। उन्होंने कहा कि सात, छह और शायद उन्हें यह संख्या और बढ़ानी पड़े। भारत आग लगा रहा है। सोरेल ने कहा कि ग्लोबल कैपिटल के लिए एशिया में भारत चीन का सबसे भरोसेमंद आप्शन बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर आपका चीन में बड़ा निवेश है और आप चीन पर ज्यादा निर्भर होने को लेकर चिंतित हैं, तो भारत अगला सबसे अच्छा आप्शन है, भले ही टैरिफ का दबाव और भू-राजनीतिक मजबूरियां बढ़ रही हों।*

### दावोस में भारत का आत्मविश्वास दिख रहा, उसकी मौजूदगी बढ़ रही

सोरेल ने कहा कि दावोस में भी भारत का बढ़ता आत्मविश्वास दिख रहा है। भारतीय एंटरप्रेन्योर इस फोरम में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। दावोस में उनकी मौजूदगी हमेशा से बड़ी रही है, लेकिन अब यह और भी बड़ी हो गई है। सोरेल ने भारत की ग्लोबल इमेज को बेहतर बनाने का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को दिया है। उन्होंने कहा कि भारत बहुत मजबूत स्थिति में है। पीएम मोदी ने ब्रांड इंडिया के लिए बहुत अच्छा काम किया है, खासकर देश को प्रतिस्पर्धी पावर सेंटर्स के बीच संतुलन बनाने के लिए तैयार किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28